तापमान

अधिकतम 31.0 डिग्री

न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि

# वनांचल भूमि

रायपुर, गुरुवार 2 जुलाई 2026

[ बस्तर | दंतेवाड़ा | बीजापुर | सुकमा | कांकेर | कोण्डागांव | नारायणपुर ]

10 संत कबीर दास की 649वीं जयंती पर...



11 उत्कृष्ट कार्य करने वाले अनुदेशकों को मिलेगा दूसरे...



# बस्तर के अंदरूनी क्षेत्रों के स्कूल किए जाएंगे पुनर्जीवित: शिक्षा मंत्री

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

कलेक्टोरेट के प्रेरणा सभाकक्ष में बुधवार को शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव ने संभाग स्तरीय शिक्षा विभाग के अधिकारियों की समीक्षा बैठक ली। बैठक में शिक्षा विभाग की विभिन्न योजनाओं और गतिविधियों की प्रगति की समीक्षा करते हुए उनके बेहतर एवं प्रभावी क्रियान्वयन के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि बस्तर के विकास में शिक्षा का महत्वपूर्ण योगदान होगा। इसके लिए अंदरूनी क्षेत्रों के स्कूलों को पुनर्जीवित करना है, साथ ही स्कूलों में विद्यार्थियों-शिक्षकों की उपस्थिति शत-प्रतिशत सुनिश्चित की जानी है। उन्होंने विद्यार्थियों की शिक्षा गुणवत्ता में सुधार, नियमित उपस्थिति और बेहतर शैक्षणिक वातावरण के लिए सभी स्तरों पर सतत निगरानी की आवश्यकता बताई। शिक्षा मंत्री ने कहा कि बच्चों के आधार रूट को मजबूत करने के लिए प्राथमिक स्कूलों को केंद्रित कर गणित, अंग्रेजी, हिंदी पर फोकस करें। साथ ही चरणबद्ध तरीके से कैलेंडरवार, शालावार, विषयवार समय-सारणी के साथ पढ़ाई करवाएँ और रिवीजन टेस्ट की गतिविधि करवायें। बैठक में शिक्षा विभाग के सचिव डॉ. कमलप्रीत सिंह एवं संचालक ऋतुराज रघुवंशी, कलेक्टर आकाश छिकारा, जिला पंचायत सीईओ प्रतीक जैन सहित संभाग के शिक्षा विभाग के संयुक्त संचालक एचआर सोम,

⏭ शेष पेज 10 पर

## मंत्री ने बस्तर में विभाग की ली संभाग स्तरीय समीक्षा बैठक



### पोटा केबिनों में बाहरी जिलों के बच्चों को भी मिलेगा प्रवेश

शिक्षामंत्री श्री यादव बसाहटवार प्राथमिक शालाओं की जानकारी, नए विद्यालयों की आवश्यकता, बंद विद्यालयों को पुनः प्रारंभ करने की कार्ययोजना, बोर्ड एवं वार्षिक परीक्षा परिणाम में जिलों के प्रदर्शन पर चर्चा की। जिलों के पोटा केबिन में अंतर जिला स्कूली बच्चों को एडमिशन देने के निर्देश दिए, साथ ही वार्षिक परीक्षा में बेहतर परिणाम हेतु पिछले वर्षों के प्रश्नों का विषय आधारित यूनिट टेस्ट और तिमाही परीक्षा करवाने के निर्देश दिए। उन्होंने इसके लिए ब्लॉक शिक्षा अधिकारी और जिला शिक्षा अधिकारी को कमजोर स्कूलों के प्राचार्यों की बैठक लेकर आवश्यक कार्रवाई करने को कहा।

## खबर संक्षेप



### एसबीआई ने मनाया 71 वां स्थापना दिवस

**जगदलपुर।** शहर के भारतीय स्टेट बैंक की मेन ब्रांच में बुधवार को स्टेट बैंक का 71 वां स्थापना दिवस मनाया गया। इस अवसर पर बैंक के क्षेत्रीय प्रबंधक प्रवीण कुमार सिंह, शाखा मुख्य प्रबंधक आनंद खत्री एवं वरिष्ठ नागरिक ग्राहकों द्वारा दीप प्रज्वलन एवं मिठाई वितरण किया गया।

### उत्कर्ष योजना चयन परीक्षा होगी 5 को

**जगदलपुर।** मुख्यमंत्री अनुसूचित जाति एवं जनजाति विद्यार्थी उत्कर्ष योजना पूर्व में जवाहर उत्कर्ष योजना होती थी। उत्कर्ष योजना अंतर्गत वर्ष 2026-27 में कक्षा 6वीं में प्रवेश हेतु चयन परीक्षा का आयोजन आगामी 5 जुलाई को सुबह 12 बजे से 2 बजे तक निर्मल उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में आयोजित की जाएगी।

### तीन केंद्रों में उप अंकेक्षक भर्ती परीक्षा होगी 5 को

**जगदलपुर।** छत्तीसगढ़ कर्मचारी चयन मंडल द्वारा आगामी 5 जुलाई को शहर के तीन परीक्षा केंद्रों में सहकारिता विभाग के अन्तर्गत उप अंकेक्षक भर्ती परीक्षा का आयोजन किया गया है। जिसके तहत शासकीय काकतीय पीजी कॉलेज धरमपुरा, झाड़ा सिरहा शासकीय इंजीनियरिंग कॉलेज धरमपुरा और शासकिय दंतेश्वरी पीजी कॉलेज शांति नगर में उक्त परीक्षा 5 जुलाई को प्रातः 10 बजे से दोपहर 12:15 बजे तक आयोजित की जाएगी। इस परीक्षा में सभी परीक्षार्थियों को परीक्षा शुरू होने के निर्धारित समय से ठीक ढाई घंटे पहले अपने-अपने परीक्षा केंद्रों पर पहुंचना अनिवार्य होगा, जहां मुख्य द्वार पर ही मेटल डिटेक्टर के माध्यम से सभी की सघन जांच की जाएगी।

### शासकीय आयोजनों में देवभोग के उत्पादों का होगा स्वाद

**जगदलपुर।** राज्य शासन के निर्देशानुसार कलेक्टर आकाश छिकारा द्वारा अब जिले में आयोजित होने वाले सभी शासकीय आयोजनों, बैठकों, सम्मेलनों और सांस्कृतिक कार्यक्रमों में केवल छत्तीसगढ़ राज्य सहकारी दुग्ध महासंघ मर्यादित द्वारा उत्पादित देवभोग ब्रांड के दूध और दुग्ध उत्पादों का ही उपयोग किए जाने के निर्देश दिए गए हैं। इस दूरगामी निर्णय का मुख्य उद्देश्य दुग्ध सहकारी समितियों से जुड़े राज्य के स्थानीय पशुपालकों और किसानों के आर्थिक हितों का संरक्षण करना तथा उन्हें आत्मनिर्भर बनाना है। कलेक्टर ने जारी परिपत्र में निर्देशित किया है कि छत्तीसगढ़ भंडार क्रय नियम 2002 (यथासंशोधित 2020) के नियम 8.4 के अंतर्गत यदि राज्य शासन की कोई विभागीय इकाई सामग्री का निर्माण करती है, तो उससे सीधे सामग्री क्रय करने का प्रावधान है। इसके तहत शासकीय कार्यालयों को देवभोग के प्रमाणिक और उच्च गुणवत्ता वाले उत्पादों को खरीदने के लिए अलग से कोई निविदा यानी टेंडर बुलाने की आवश्यकता नहीं होगी, बल्कि वे सीधे दुग्ध महासंघ से इन उत्पादों को प्राप्त कर सकेंगे। यह नियम जिले के समस्त शासकीय विभागों, सार्वजनिक उपक्रमों, निगमों, मंडलों और स्थानीय निकायों पर तत्काल प्रभाव से लागू कर दिया गया है। कलेक्टर ने सभी आहरण एवं संवितरण अधिकारियों और विभागाध्यक्षों को हिदायत दी है कि भविष्य में होने वाले सभी शासकीय कार्यक्रमों के देयकों के सत्यापन के दौरान यह सुनिश्चित किया जाए कि केवल देवभोग ब्रांड के उत्पादों का ही क्रय किया गया हो।

## महारानी अस्पताल का औचक निरीक्षण कर देखी व्यवस्था

# महारानी अस्पताल में 200 बेड को बढ़ाकर 300 किया जाएगा: स्वास्थ्य मंत्री

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने बुधवार को महारानी अस्पताल का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने चिकित्सकों और स्वास्थ्य कर्मचारियों को अस्पताल की गौरवशाली पहचान के अनुरूप मानवीय संवेदनाओं के साथ मरीजों को बेहतर उपचार एवं सेवा प्रदान करने के निर्देश दिए।

■ नए सेटअप तथा अस्पताल भवन उन्नयन का प्रस्ताव भेजें विभाग को : श्यामबिहारी

निरीक्षण के दौरान स्वास्थ्य मंत्री ने अस्पताल को आम लोगों की अपेक्षाओं के अनुरूप अधिक सुविधाजनक और बेहतर बनाने पर जोर दिया। उन्होंने अस्पताल की वर्तमान 200 बिस्तर क्षमता को बढ़ाकर 300 शैयायुक्त करने के निर्देश देते हुए नए सेटअप तथा अस्पताल भवन उन्नयन का प्रस्ताव विभाग को भेजने कहा। इस दौरान स्वास्थ्य मंत्री ने डॉक्टर्स डे के अवसर पर महारानी अस्पताल में केक काटकर चिकित्सकों एवं स्वास्थ्य कर्मचारियों को शुभकामनाएं दीं। उन्होंने सभी चिकित्सकों और स्वास्थ्य कर्मियों से समर्पण और सेवा भाव के साथ चिकित्सा सेवाएं प्रदान करने का आह्वान किया।इस मौके पर विधायक किरण देव, महापौर संजय पाण्डे सहित अन्य जनप्रतिनिधि और मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. संजय बसाक, सिविल सर्जन डॉ. संजय प्रसाद तथा लोक निर्माण विभाग के अधिकारी समेत महारानी अस्पताल के चिकित्सक एवं स्वास्थ्य कर्मचारी मौजूद थे।





### अटल आरोग्य लैब में जल्द होंगी 134 प्रकार की जांच

स्वास्थ्य मंत्री ने मरीजों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए अस्पताल में डायलिसिस सेंटर एवं कैंसर यूनिट के निर्माण कार्य को प्राथमिकता के आधार पर जल्द पूरा करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही अस्पताल परिसर की अंदरूनी सड़कों की मरम्मत भी शीघ्र करवाने कहा। उन्होंने अस्पताल के आपातकालीन चिकित्सा कक्ष, ओपीडी, ईसीजी यूनिट तथा ब्लड बैंक का निरीक्षण किया। उपचार के लिए आए मरीजों तथा उनके परिजनों से आत्मीयता से चर्चा कर व्यवस्थाओं की जानकारी ली। मंत्री ने अटल आरोग्य लैब का भी निरीक्षण करते हुए यहां उपलब्ध जांच सुविधाओं की जानकारी प्राप्त की तथा आवश्यक उपकरणों की शीघ्र स्थापना कर सभी 134 प्रकार की जांच सुविधाएं जल्द सुनिश्चित करने के निर्देश अधिकारियों को दिए।

## महारानी अस्पताल व मेकाज पहुंचे सर्पदंश के 12 मरीज

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

वर्षा ऋतु के आगमन होते ही बस्तर अंचल में सांपों का आतंक शुरू हो गया है, जिससे लोगों में भय का माहौल बन जाता है। बारिश के मौसम में सर्प से बचाव के लिए आवश्यक सावधानी की जरूरत पड़ती है, लेकिन जिले में इस वर्ष बारिश के दिनों में मौत नहीं हुई। इस साल मानसून के दस्तक देने के साथ अब तक शहर के शासकीय जिला महारानी अस्पताल में 10 और मेडिकल कॉलेज डिमरापाल में 2 लोग सर्पदंश से इलाज करने पहुंचे थे, जो स्वस्थ होने के बाद डिस्चार्ज होकर घर चले गए। हालांकि महारानी अस्पताल एवं मेकाज में सर्पदंश वाले मरीजों को लगने वाला इंजेक्शन पर्याप्त है। दरअसल बारिश में ग्रामीण क्षेत्र में सर्पदंश के मामले आने पर झाड़-फूंक का सहारा लिया जाता है, इससे चलते मरीज देर से अस्पताल पहुंचता है। सर्पदंश पूरे शरीर में फैल जाता है। इससे मौत

⏭ शेष पेज 10 पर

■ वर्षा ऋतु के आगमन होते ही अंचल में सांपों का आतंक शुरू



### अंचल में मिलते विभिन्न प्रजाति के सर्प

बताया जा रहा है कि बस्तर अंचल में पाए जाने वाले विभिन्न प्रजाति के सर्प है, जो कुछ जहरीले होते है और कुछ बिना जहर के भी होते है। इनमें प्रमुख प्रजाति है स्पेक्टिकल कोबरा, करैत, अहिराज, धाम, कै ट स्नेक, रेड स्नेक, घोड़ा करैत, सूपली सांप मिलते हैं, लेकिन लोग घरों में सांप निकल जाने पर अज्ञानतावश भय के कारण सांप को मार डालते हैं। सांप हमारे पर्यावरण की खाद्य श्रृंखला का एक महत्वपूर्ण अंग है, जिसे लोगों को बचाना चाहिए।

### अस्पताल में पर्याप्त इंजेक्शन व दवाई

मेडिकल कॉलेज के अधीक्षक डॉ. अनुरूप साहू एवं शासकीय जिला महारानी अस्पताल के सिविल सर्जन डॉ. संजय प्रसाद ने इस पर बताया कि अस्पताल में बारिश के चलते सर्पदंश वाले मरीज आते हैं, जिनका उपचार के लिए इंजेक्शन एवं दवाएं पर्याप्त हैं। उन्होंने यह भी बताया कि सर्पदंश वाले मरीज समय पर पहुंचने से बचने की संभावना रहती है।

## बस का इंतजार कर रहा तस्कर गिरफ्त में, 4 लाख से अधिक का गांजा जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

नशे के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत कार्रवाई करते हुए बोधघाट पुलिस ने अंतर्राज्यीय तस्कर को लाखों रुपए के मादक पदार्थ गांजा के साथ गिरफ्तार किया है। एसपी शलभ कुमार सिन्हा के नेतृत्व में बस्तर पुलिस द्वारा नशे के खिलाफ अभियान चलाकर नशे के सौदागरों तथा अपराधिक तत्वों के विरूद्ध लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी तारतम्य मे अवैध मादक पदार्थ गांजा परिवहन करने के लिए बस स्टैंड जगदलपुर में बस का इंतजार करने वाले एक आरोपी को गिरफ्तार करने में बोधघाट पुलिस को सफलता मिली है। गांजा तस्करी की सूचना पर थाना प्रभारी बोधघाट टामेश्वर चौहान के नेतृत्व में टीम बस स्टैंड में पहुंच कर एक संदिग्ध को घेराबंदी कर पकड़ा। पूछताछ करने पर उसने अपना नाम सुकड़ा धुरवा 45 वर्ष निवासी केंदुगुडा नदीपारा थाना व्यापारीगुड़ा जिला कोरापुट ओडिशा का रहने वाला बताया। तलाशी लेने पर उसके कब्जे से बैग में रखा 8.08 किलो गांजा बरामद किया गया जिसकी अनुमानित कीमत 4 लाख 4 हजार रुपए आंकी गई है। इसके अलावा उसके कब्जे से 7 सौ रुपए नकद भी बरामद

⏭ शेष पेज 10 पर

■ ओडिशा से गांजा लेकर पहुंचा था बस स्टैण्ड, तभी बोधघाट पुलिस ने दबोचा



## कर्मचारियों की मांगों के निराकरण पर सकारात्मक पहल नहीं



हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत मंडल आरक्षित वर्ग अधिकारी कर्मचारी संघ द्वारा अपनी न्यायोचित एवं लंबित मांगों के संबंध में प्रबंधन एवं शासन-प्रशासन के साथ विगत कई दिनों से लगातार वाताएं की जा रही थीं। दुर्भाग्यवश अब तक आयोजित सभी वार्ता निष्फल रहीं हैं। कर्मचारियों की मांगों के निराकरण की दिशा में कोई ठोस एवं सकारात्मक पहल नहीं की गई है। संघ की मांगों की निरंतर उपेक्षा एवं कर्मचारियों की भावनाओं की अनदेखी किए जाने के कारण प्रदेश भर के आरक्षित वर्ग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों में गहरा आक्रोश व्याप्त है। इस परिस्थिति को देखते हुए संघ ने यह निर्णय लिया

⏭ शेष पेज 10 पर

■ आरक्षित वर्ग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों में आक्रोश व्याप्त

## आरपीएफ का ऑपरेशन नन्हे फरिश्ते, ट्रेन में छूटे नाबालिग को किया परिजनों के सुपुर्द

■ स्टेशनों और ट्रेनों में परिजनों से बिछड़े व संकटग्रस्त बच्चों को सुरक्षित रेस्क्यू कर रही आरपीएफ

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

ओडिशा के जयपुर से आ रही ट्रेन में 11 साल के बच्चे के परिजनों से बिछड़कर छूट जाने की सूचना पर ऑपरेशन नन्हे फरिश्ते के तहत त्वरित कार्रवाई करते हुए आरपीएफ की टीम ने बच्चे का सुरक्षित रेस्क्यू करने में सफल रही। आरपीएफ की टीम ने नाबालिग बच्चे को प्लेटफार्म नम्बर तीन से बरामद किया फिर परिजनों को सूचना देकर वैधानिक औपचारिकताएं पूर्ण कर सुरक्षित सुपुर्द कर दिया गया। आरपीएफ पोस्ट जगदलपुर के प्रभारी निरीक्षक प्रवीण कुमार ने बताया कि रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) द्वारा चलाए जा रहे ऑपरेशन नन्हे फरिश्ते के तहत बुधवार को जगदलपुर रेलवे स्टेशन पर 11 वर्षीय नाबालिग बालक का सफलतापूर्वक रेस्क्यू किया गया। सूचना मिलते ही त्वरित कार्रवाई करते हुए बालक को सुरक्षित संरक्षण में लेकर और सभी वैधानिक प्रक्रियाएं पूरी कर उसे चाइल्ड हेल्पलाइन को देने के बाद परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया। दरअसल आरपीएफ पोस्ट जयपुर ओडिशा से सूचना मिली थी कि ट्रेन संख्या 18447 में एक नाबालिग छूट गया है। सूचना मिलते ही निरीक्षक प्रवीण कुमार द्वारा टीम को सतर्क रहने व सभी बोगियों में नजर रखने निर्देश दिया गया था। टीम के एएसआई टीएल राव, प्रधान आरक्षक आरवीएम कुमार एवं कांस्टेबल एसके राजक के पर्यवेक्षण में टीम स्टेशन के प्लेटफॉर्म संख्या तीन में जांच के लिए पहुंची। सतर्कता से जांच के दौरान नकटीसेमरा छोर पर ट्रेन के जनरल कोच से उतरने के बाद 11 वर्षीय बालक

⏭ शेष पेज 10 पर



## कांगेर घाटी राष्ट्रीय उद्यान के वनरक्षक की सपंत्ति की जांच के बाद होगी कार्रवाई

# तंत्र मंत्र के प्रभाव से डेढ़ करोड़ हथियाने की जांच करेंगे एसपी और एडीएम : नायक

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

कलेक्टोरेट जगदलपुर में बस्तर और बीजापुर जिले के प्रकरणों की जन सुनवाई राज्य महिला आयोग ने की। अध्यक्ष किरणमयी नायक ने पत्रवार्ता में बताया कि 6 साल के मेरे कार्यकाल में आज की जनसुनवाई 406 रही। बस्तर के 13 और बीजापुर के 2 मामले पर जन सुनवाई में दोनों पक्ष के विचार सुनने के बाद फैसला सुनाया गया। सबसे बड़ा मामला तंत्र मंत्र के प्रभाव से लगभग डेढ़ करोड़ रुपए हथियाने का रहा। जिसमें तहसील कार्यालय में दस्तावेज लेखक से कांगेर घाटी राष्ट्रीय उद्यान में पदस्थ वनरक्षक और उसकी पत्नी ने अलग-अलग तिथियों में नगदी और मकान जमीन के रूप में डेढ़ करोड़ रुपए हथिया लिए। उन्होंने कहा वनरक्षक का वेतन 43 हजार प्रतिमाह है और उसके पास निर्माणाधीन मकान की कीमत लगभग 50 लाख है। लक्जरी वाहन भी है। इस मामले में संपत्ति और वाहन के लिए वनरक्षक ने विभाग से क्या अनुमति ली थी उसकी संपत्ति और आय की जांच अपर कलेक्टर सीपी बघेल करेंगे। वहीं पुलिस कार्रवाई के लिए एसपी को पत्र लिखा गया है। दोनों जगह से रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। एक अन्य प्रकरण में जिला पंचायत के सीईओ प्रतीक जैन अनावेदक थे। वहीं जनपद पंचायत जगदलपुर में कार्यरत रहकर रिटायर हुई महिला अंजली मिश्रा अपनी पुत्री की जगह पहुंची थी। दोनों पक्ष के विचार सुनने के बाद अध्यक्ष ने निर्णय सुनाया कि उसके पति स्वास्थ्य विभाग में कार्यरत रहते हुए दिवंगत हुए और स्वयं भी जनपद में नौकरी करती थीं। इसलिए उसकी बेटी को अनुकंपा नियुक्ति नहीं मिल सकती। उसके आवेदन पर महिला आयोग निर्णय नहीं ले सकता वह चाहे तो हाईकोर्ट में याचिका लगा सकती है। अन्य मामलों में दो भाइयों के बीच जमीन विवाद, सीआर खराब करने की शिकायत सहित अन्य प्रकरणों में फैसला लिया गया है। जन सुनवाई में राज्य महिला आयोग की सदस्य दीपिका सोरी तथा ओजस्वी मंडावी सहित अपर कलेक्टर सीपी बघेल मौजूद थे।

■ महिला आयोग अध्यक्ष ने 6 साल के कार्यकाल में 406 जन सुनवाई होने की दी जानकारी




### मान्यता समाप्त करने की चेतावनी पर पहुंचे सचिव

रायपुर की पहली जन सुनवाई और आज की सुनवाई में बालबिहार उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के सचिव विकास चावड़ा उपस्थित नहीं हुए थे। उनके वकील आवेदन लेकर आए थे, जिस पर अध्यक्ष किरणमयी नायक ने कहा कि शिक्षिका ने सचिव पर आरोप लगाया है इसलिए उन्हें आना पड़ेगा। एक घंटे में नहीं आने पर विद्यालय की मान्यता रद्द करने जिला शिक्षाधिकारी को पत्र लिखा जाएगा। इस कड़े शब्दों के बाद सचिव कलेक्टोरेट पहुंचें, जहां दोनों पक्ष की सुनवाई हुई। 32 साल की नौकरी के बाद निकाल देना और वेतन कोरानाकाल से कम कर देना सहित सचिव पर कई आरोप थे। अध्यक्ष ने कहा कि रायपुर में 9 और 10 जुलाई को जनसुनवाई है, वहां फैसला होगा। जिस पर सचिव ने 10 जुलाई को पहुंचने की सहमति दी है।

## मोदी ने लगातार 12 साल पीएम रहकर रचा नया कीर्तिमान : देव

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

भारतीय जनता पार्टी पिछड़ा वर्ग मोर्चा द्वारा मोदी सरकार के बेमिसाल 12 साल कार्यक्रम के तहत प्रबुद्धजन नागरिक सम्मान समारोह व बस्तर संभाग कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन बुधवार को श्यामा प्रसाद मुखर्जी सभागार टाउन हॉल में किया गया। इस वृहद आयोजन में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव, वन मंत्री केदार कश्यप एवं स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल विशेष रूप से सामिल हुए। प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव ने अपने संबोधन में कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में विकास के, विश्वास के और जनकल्याणकारी यात्रा के उपलब्धियों से परिपूर्ण बेमिसाल 12 साल पूर्ण हुए हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने जनादेश के साथ निर्वाचित होकर लगातार 12 वर्षों से प्रधानमंत्री के रूप में कार्य करते हुए एक नया कीर्तिमान स्थापित किया है। सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास, सबका प्रयास मूल मंत्र के साथ दिन और रात समस्त देशवासियों की सतत सेवा कर रहे हैं। स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने अपने उदबोधन में कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में नये भारत, समृद्ध और सशक्त भारत का

⏭ शेष पेज 10 पर

■ प्रधानमंत्री के नेतृत्व में हो रहा सशक्त भारत का निर्माण : जायसवाल



**खबर संक्षेप**



## सहकारी संस्थाओं के समन्वय से किसानों की आय बढ़ाने पर मंथन

**कोण्डागांव।** सहकारी सप्ताह के दूसरे दिन जिला सहकारी केंद्रीय बैंक परिसर में आयोजित विचार गोष्ठी में सहकारी संस्थाओं, एफपीओ और पैक्स की भूमिका पर चर्चा करते हुए किसानों की आय बढ़ाने के उपायों पर जोर दिया गया। कार्यक्रम में जिला सहकारी विकास समिति डीसीडीसी, किसान उत्पादक संगठन एफपीओ और पैक्स के समन्वय से कृषि विविधीकरण, मूल्य संवर्धन और बेहतर विपणन व्यवस्था विकसित करने पर बल दिया गया। विशेषज्ञों ने जैविक खेती, मिलेट्स उत्पादन, आधुनिक कृषि तकनीकों तथा वैज्ञानिक खेती अपनाने की आवश्यकता बताते हुए किसानों को इन गतिविधियों से जोड़ने का आह्वान कियाअधिकारियों ने किसानों को धान के साथ दलहन, तिलहन, सब्जी, बागवानी और मोटे अनाज की खेती अपनाने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में सहमति जताई गई कि सहकारी संस्थाओं के समन्वित प्रयासों से किसानों की आय बढ़ाने और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने में महत्वपूर्ण सफलता मिलेगी।

## अग्निवीरों का हुआ सम्मान

**धमतरी।** थल सेना भर्ती के लिए रवाना हो रहे फलेश सिन्हा (बठेना वार्ड) एवं डेविड नेताम (गट्टासिल्ली) के अग्निवीर में चयन होने पर शहर ब्लॉक अध्यक्ष गौतम वाधवानी ने दोनों युवाओं का श्रीफल एवं शॉल ओढ़ाकर सम्मान किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि यहां के युवा बड़ी संख्या में सेना भर्ती में शामिल होकर प्रदेश और देश का नाम रोशन कर रहे हैं। भारत माता की सेवा और देश की रक्षा का अवसर सौभाग्यशाली लोगों को मिलता है।

# बंगोली में शाला प्रवेशोत्सव, विधायक ने 50 छात्राओं को बांटी निःशुल्क साइकिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ फरसगांव

विकासखंड के ग्राम बंगोली में बुधवार को विकासखंड स्तरीय शाला प्रवेशोत्सव कार्यक्रम हर्षोल्लास के साथ आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में केशकाल विधायक नीलकंठ टेकाम शामिल हुए, जबकि अध्यक्षता सरपंच हीरालाल नेताम ने की।

विधायक ने नवप्रवेशी छात्र-छात्राओं का स्वागत करते हुए उन्हें मन लगाकर पढ़ाई करने, अनुशासन का पालन करने और जीवन में ऊंचे लक्ष्य निर्धारित करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि शिक्षा ही सशक्त समाज और विकसित राष्ट्र की आधारशिला है। बच्चों को नियमित रूप से विद्यालय आने और स्वस्थ रहने के लिए पर्याप्त पानी पीने की भी सलाह दी। उन्होंने पालकों से बच्चों को नियमित रूप से स्कूल भेजने तथा शिक्षकों से गुणवत्तापूर्ण एवं संस्कारयुक्त शिक्षा प्रदान करने का आग्रह किया। इस दौरान विधायक ने बीबीजी-आएम योजना के तहत क्षेत्र के विद्यालयों में बाउंड्रीवॉल निर्माण कार्य शीघ्र प्रारंभ कराने की घोषणा भी की। कार्यक्रम में सरस्वती साइकिल योजना के अंतर्गत विभिन्न संकुलों की 50 छात्राओं को निःशुल्क साइकिल वितरित की गई।

### शिक्षा से ही बनेगा विकसित समाज : टेकाम



### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य जयलाल नाग, जनपद पंचायत अध्यक्ष मानकु नेताम, जनपद सदस्य मंगू राम नेताम, जिला मंत्री हेमचंद देवांगन, फरसगांव मण्डल अध्यक्ष धनराज पांडे , महामंत्री प्रवीण राव , बड़ेडोगर मंडल अध्यक्ष महेंद्र सलाम, महामंत्री परमेश्वर सेठिया, ब्लॉक शिक्षा अधिकारी श्रीराम तारम, सहायक ब्लॉक शिक्षा अधिकारी उदित कुमार सोनी , बीआरसी अशोक मरकाम सहित अन्य जनप्रतिनिधि, अधिकारी कर्मचारी ग्रामीण स्कूली बच्चे उपस्तिथ रहे ।

### बाबा साहेब सेवा संस्था ने श्रद्धापूर्वक मनाई जयंती

# संत कबीर दास की 649वीं जयंती पर गूंजा सामाजिक समरसता का संदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोण्डागांव

संत शिरोमणि, महान समाज सुधारक एवं निर्गुण भक्ति आंदोलन के प्रणेता संत कबीर दास की 649वीं जयंती के अवसर पर बाबा साहेब सेवा संस्थाद्वारा श्रद्धा और सम्मान के साथ जयंती समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में संस्था के पदाधिकारियों, सदस्यों एवं स्थानीय प्रबुद्ध नागरिकों ने संत कबीर दास के जीवन, उनके सामाजिक योगदान और मानवता के संदेश को याद करते हुए उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किए।

- कबीर दास के प्रसिद्ध दोहों और साखियों का किया वाचन

कार्यक्रम का शुभारंभ संत कबीर दास एवं भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर के तैलचित्र पर दीप प्रज्वलित एवं माल्यार्पण कर किया गया। उपस्थित सभी लोगों ने संत कबीर के प्रति अपनी श्रद्धा व्यक्त करते हुए उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। समारोह के दौरान वक्ताओं ने संत कबीर दास के प्रसिद्ध दोहों और साखियों का वाचन किया। उनके विचारों के माध्यम से समाज में प्रेम, भाईचारा, समानता और मानवीय मूल्यों को अपनाने का संदेश दिया गया। इस अवसर पर कबीर का प्रसिद्ध दोहा पोथी पढ़ि पढ़ि जग मुआ, पंडित भया न कोय। ढाई आखर प्रेम का, पढ़े सो पंडित होय। का उल्लेख करते हुए बताया गया कि संत कबीर ने ज्ञान को केवल पुस्तकों तक सीमित नहीं माना, बल्कि प्रेम, करुणा और मानवता को जीवन का सबसे बड़ा धर्म बताया।





### बाबा साहेब और कबीर के विचार एक समान

कार्यक्रम में बाबा साहेब सेवा संस्था के पदाधिकारियों ने कहा कि संत कबीर दास और डॉ. भीमराव अंबेडकर दोनों ने सामाजिक समानता, न्याय और मानव गरिमा के लिए संघर्ष किया। संस्था इन्हीं महापुरुषों के विचारों को समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने तथा सामाजिक समरसता को मजबूत करने के लिए निरंतर कार्य करती रहेगी।

### सामाजिक कुरीतियों के खिलाफ संघर्ष को किया याद

विचार संगोष्ठी में वक्ताओं ने कहा कि संत कबीर दास ने अपने पूरे जीवन में जाति–पाति, ऊंच–नीच, छुआछूत, अंधविश्वास और पाखंड जैसी सामाजिक बुराइयों का खुलकर विरोध किया। उन्होंने समाज को समानता, बंधुत्व और मानवता का मार्ग दिखाया, जो आज भी उतना ही प्रासंगिक है। वक्ताओं ने कहा कि कबीर के विचार समाज को जोड़ने का कार्य करते हैं और वर्तमान समय में उनके संदेशों को जन–जन तक पहुंचाने की आवश्यकता है।

### महापुरुषों के आदर्शों पर चलने का लिया संकल्प

समारोह के अंत में उपस्थित सभी लोगों ने संत कबीर दास के आदर्शोर् को अपने जीवन में अपनाने तथा समाज में प्रेम, भाईचारा, समता और सामाजिक सद्भाव स्थापित करने का सामूहिक संकल्प लिया। कार्यक्रम में बाबा साहेब सेवा संस्था के अध्यक्ष भुवनलाल मार्कंडेय, बामसेफ अध्यक्ष मन्नाराम नेताम, संस्था के उपाध्यक्ष हितेंद्र कुमार श्रीवास, देवानंद चोरे, मुकेश मार्कंडेय, संजीव सोनपिपरे सहित संस्था के पदाधिकारी, सदस्य एवं बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।

# पात्र हितग्राहियों को गुणवत्तापूर्ण सहायता देने पर दिया गया जोर



हरिभूमि न्यूज ⏭ कोण्डागांव

प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष खिलावन राम रिगरी की अध्यक्षता में लीगल एड डिफेंस काउंसिल की निगरानी एवं सलाह समिति की मासिक बैठक आयोजित की गई।

- लीगल एड डिफेंस काउंसिल की मासिक समीक्षा बैठक

बैठक में लीगल एड डिफेंस काउंसिल योजना के अंतर्गत लंबित प्रकरणों, निःशुल्क विधिक सहायता की प्रगति तथा अधिवक्ताओं द्वारा किए जा रहे कायोंर् की गुणवत्ता की समीक्षा कर आवश्यक दिशा–निर्देश दिए गए। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने आर्थिक रूप से कमजोर एवं जरूरतमंद लोगों को समयबद्ध, प्रभावी और गुणवत्तापूर्ण निःशुल्क विधिक सहायता उपलब्ध कराने पर विशेष जोर देते हुए न्याय रक्षकों को अपने दायित्वों का निष्ठापूर्वक निर्वहन करने के निर्देश दिए।

### कार्यप्रणाली को और प्रभावी बनाने पर चर्चा

बैठक में समिति के सदस्यों ने कार्यप्रणाली को अधिक पारदर्शी एवं प्रभावी बनाने के सुझाव दिए। अंत में सभी सदस्यों से समन्वय और प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर समाज के अंतिम व्यक्ति तक विधिक सहायता का लाभ पहुंचाने का आह्वान किया।

# वनमंडल स्तरीय अभिनंदन और सम्मान, विदाई समारोह आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ केशकाल

नन्द कुमार सिंहा, सहायक वन संरक्षक रामेश्वर यादव, वनक्षेत्रपाल सेवक राम ठाकुर, क्षेत्रपाल कमाल अहमद खान,उप वनक्षेत्रपाल सुरेन्द्र कुमार तिवारी, लेखापाल का वन विभाग मे उत्कृष्ट सेवा करने पर बधाई समारोह आयोजन किया गया । कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों का स्वागत के साथ किया गया। समारोह में मुख्य अतिथि मुख्य वन संरक्षक, कांकेर वृत्त, विवेकानंद झा तथा अध्यक्षता वनमण्डलाधिकारी, केशकाल, दिव्या गौतम द्वारा की गई। कार्यक्रम में उप वनमण्डलाधिकारी सुषमा नेताम सहित कार्यालयीन एवं मैदानी अमला तथा केशकाल वन मण्डल के समस्त अधिकारी एवं कर्मचारी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

- शॉल, श्रीफल, पुष्पगुच्छ एवं स्मृति–चिन्ह भेंट कर किया कर्मचारी व अधिकारियों का सम्मान

समारोह के दौरान सेवानिवृत्त हो रहे अधिकारियों एवं कर्मचारी के विभागीय सेवाकाल, उनके उत्कृष्ट कार्य, अनुकरणीय कार्यशैली, ईमानदारी, कर्तव्यनिष्ठा तथा वन संरक्षण एवं विभागीय विकास में दिए गए अमूल्य योगदान पर विस्तार से प्रकाश डाला गया। उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने उनके साथ बिताए गए अनुभवों को साझा करते हुए उनके उज्ज्वल, स्वस्थ एवं सुखद भावी जीवन की मंगलकामनाएँ व्यक्त कीं।

मुख्य वन संरक्षक विवेकानंद झा ने अपने उद्बोधन में कहा कि विभाग की उन्नति में वरिष्ठ अधिकारियों एवं कर्मचारियों का योगदान सदैव प्रेरणादायी रहेगा तथा उनके अनुभव आने वाली पीढ़ी के लिए मार्गदर्शक सिद्ध होंगे। वनमण्डलाधिकारी दिव्या गौतम ने सभी सम्मानित अधिकारियों एवं कर्मचारी के दीर्घ, स्वस्थ एवं सुखमय जीवन की कामना करते हुए उनके विभागीय योगदान की सराहना की।

कार्यक्रम के दौरान सभी सम्मानित अधिकारियों एवं कर्मचारी को शॉल, श्रीफल, पुष्पगुच्छ एवं स्मृति-चिन्ह भेंट कर सम्मानपूर्वक विदाई दी गई। सम्मानित अधिकारियों एवं कर्मचारी ने भी अपने सेवाकाल के अनुभव साझा करते हुए विभाग के समस्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों के सहयोग, स्नेह एवं आत्मीयता के लिए हृदय से आभार व्यक्त किया तथा सभी से सदैव विभाग की गरिमा एवं वन संरक्षण के प्रति समर्पित भाव से कार्य करते रहने का आग्रह किया। कार्यक्रम का समापन धन्यवाद ज्ञापन के साथ सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ।

# आज होगा वीबी-जी राम जी मिशन का वर्चुअल शुभारंभ

### रोजगार और ग्रामीण आजीविका को मिलेगा नया संबल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोण्डागांव

विकसित भारत–गारंटी फॉर रोजगार और आजीविका मिशन ग्रामीण वीबी–जी रैम जी के वर्चुअल शुभारंभ कार्यक्रम 2 जुलाई को सुबह 11 बजे कलेक्टोरेट कार्यालय कोंडागांव के प्रथम तल स्थित सभागार में किया जाएगा। इस महत्वाकांक्षी मिशन का शुभारंभ केंद्रीय ग्रामीण विकास एवं कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान वर्चुअल माध्यम से करेंगे।

- केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह करेंगे शुभारंभ

कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय तथा उपमुख्यमंत्री एवं पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री विजय शर्मा भी वर्चुअल रूप से शामिल होकर मिशन की शुरुआत करेंगे। जिला स्तरीय कार्यक्रम में बस्तर विकास प्राधिकरण की उपाध्यक्ष एवं कोंडागांव विधायक सुश्री लता उसेंडी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगी। कार्यक्रम में प्रदेश के वाणिज्य, उद्योग एवं श्रम मंत्री लखनलाल देवांगन, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री केदार कश्यप, बस्तर सांसद महेश कश्यप, कांकेर सांसद भोजराज नाग, केशकाल विधायक नीलकंठ टेकाम, जिला पंचायत अध्यक्ष रीता शोरी, जनपद पंचायत अध्यक्ष अनिता कोर्राम, नगर पालिका अध्यक्ष नरपति पटेल, जिला पंचायत उपाध्यक्ष हीरासिंह नेताम, जनपद पंचायत उपाध्यक्ष टोमेंद्र ठाकुर एवं जसकेतु उसेंडी सहित जिला पंचायत एवं जनपद पंचायत के जनप्रतिनिधि उपस्थित रहेंगे।



### रोजगार और आजीविका को मिलेगा बढ़ावा

विकसित भारत–गारंटी फॉर रोजगार और आजीविका मिशन ग्रामीण का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रें में रोजगार के नए अवसर सृजित करना, आजीविका के साधनों को मजबूत बनाना तथा ग्रामीण अर्थव्यवस्था को गति देना है। इस मिशन के माध्यम से ग्रामीण विकास एवं स्वरोजगार से जुड़ी विभिन्न योजनाओं को नई दिशा मिलने की उम्मीद है। कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए जिला प्रशासन ने सभी जनप्रतिनिधियों, पंचायत प्रतिनिधियों एवं संबंधित अधिकारियों की उपस्थिति सुनिश्चित करने की अपील की है। जिला प्रशासन के अनुसार यह कार्यक्रम ग्रामीण विकास एवं रोजगार सृजन की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल साबित होगा।

# अज्ञात व्यक्ति ने लगाई दो स्कूटी में आग, पुलिस जांच में जुटी

हरिभूमि न्यूज ⏭ केशकाल

मंगलवार की मध्यरात्रि को पंचवटीपारा के छबिला पटेला की दो स्कूटी में अज्ञात व्यक्ति द्वारा आग लगा दी गई। पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। पीड़ति छबिला पटेल ने इस विषय पर बताया की हम खाना खा कर सो गए थे। सुबह पड़ोसी ने दरवाजा खटखटाते हुए उठाया। पड़ोसी ने बताया कि किसी ने तुम्हारी गाड़ी में आ लगा दिया है। जिस पर इस घटना की पुलिस को जानकारी देते हुए रिपोर्ट दर्ज कराई। पुलिस ने इस विषय पर बताया सीसीटीवी मे एक व्यक्ति को देखा गया है। जांच जारी है कुछ सुराग मिले हैं। उम्मीद है जल्द ही आरोपी पकड़े जाएंगे।



## पेज 9 के शेष

### बस्तर के अंदरूनी ....

सभी जिलों के जिला शिक्षा अधिकारी, डीएमसी, बीईओ एवं अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

जर्जर स्कूल भवन किए जाएंगे ध्वस्त : शिक्षामंत्री ने स्वामी विवेकानंद स्कूल का विकास पीएम श्री स्कूल के तर्ज पर करने के लिए जोर दिया। साथ ही जर्जर स्कूल भवनों को नियमानुसार ध्वस्त करवाने और स्कूलों के छोटे-छोटे आवश्यकता वाले कार्यों को जरूरत के आधार पर बजट का उपयोग करने की बात कही। मंत्री ने निर्देशित किया कि पाठय पुस्तक का वितरण शत-प्रतिशत किया जाए, स्कूलों एवं संकुलों में अवितरित किताबों का रिकार्ड संधारित किया जाए। शिक्षा विभाग के अधिकारियों ने मंत्री को संभाग में संचालित शैक्षणिक गतिविधियों एवं योजनाओं की प्रगति से विस्तारपूर्वक अवगत कराया।

ऑनलाइन हाजिरी में ढिलाई पर कार्रवाई के निर्देश : समीक्षा के दौरान आधार बेस एप के माध्यम से कार्यालयीन अधिकारी-कर्मचारियों तथा वीएसके एप में शिक्षकों की ऑनलाइन उपस्थिति की स्थिति की जानकारी ली गई। ऑनलाइन उपस्थिति दर्ज नहीं करने वाले अधिकारियों एवं कर्मचारियों पर नियमानुसार कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए। साथ ही नेटवर्कविहीन स्कूलों की सूची कलेक्टर के माध्यम से उपलब्ध कराने कहा गया। शिक्षा मंत्री ने अन्य विभागों में पदस्थ शिक्षा विभाग के अधिकारी-कर्मचारियों को मूल पदस्थापना में वापस भेजने के निर्देशों के पालन की समीक्षा की।

छात्राओं को बांटी साइकिलें और गिफ्टः बैठक से पूर्व शिक्षा मंत्री ने कलेक्टोरेट परिसर में सरस्वती सायकल योजनान्तर्गत लक्षित वर्ग के स्कूली छात्राओं को निःशुल्क सायकल एवं गिफ्ट प्रदान कर उन्हे मेहनत एवं लगन के साथ पढ़ाई करने की समझाइश दी।

### महारानी अस्पताल ....

हो जाती है। स्वास्थ्य विभाग ने सलाह दिया कि सर्पदंश के बाद लोग बैगा-गुनिया से झाड़-फूंक के चंगुल में नहीं फंसे, बल्कि सर्पदंश से पीड़ित रोगी को सीधे अस्पताल पहुंचाएं।

### बस का इंतजार कर....

किया गया। आरोपी को गिरफ्तार कर उसके खिलाफ धारा 20 (बी) एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे न्यायिक रिमाण्ड में जेल भेजा गया।

**कार्रवाई में इनका रहा योगदानः** त्वरित कार्रवाई में निरीक्षक टामेश्वर चौहान के अलावा एसआई लोकेश्वर नाग, पीएसआई नागेंद्र सिंग, प्रिया यादव, निर्मला सिदार, एएसआई दिनेश उसेंडी, प्रधान आरक्षक अहिलेश नाग, सुनील मनहर, आरक्षक दीपक मिंज, राम ठाकुर, परमानंद भोयर, मनोज, चुरेन्द व थानेन्द्र की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

### कर्मचारियों की मांगों ....

है कि यदि अंतिम स्तर की वार्ता भी विफल रहती है, तो 6 जुलाई से छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत मंडल के समस्त आरक्षित वर्ग के अधिकारी एवं कर्मचारी अनिश्चितकालीन सामूहिक अवकाश पर रहेंगे। इस आंदोलन एवं उससे उत्पन्न होने वाली किसी भी प्रकार की प्रशासनिक अथवा विद्युत व्यवस्था संबंधी कठिनाइयों एवं व्यवधानों की संपूर्ण जिम्मेदारी प्रबंधन एवं शासन-प्रशासन की होगी।

आंदोलन को सफल बनाने का आह्वानः संघ ने कहा कि कर्मचारियों की मांगें पूर्णतः न्यायसंगत एवं संवैधानिक अधिकारों के अनुरूप हैं तथा उनका शीघ्र निराकरण किया जाना आवश्यक है। यदि समय रहते सकारात्मक निर्णय नहीं लिया गया, तो प्रदेश की विद्युत व्यवस्था प्रभावित होने की प्रबल संभावना से इंकार नहीं किया जा सकता। आरक्षित वर्ग अधिकारी कर्मचारी संघ अपने सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों से एकजुट, संगठित एवं अनुशासित रहकर आंदोलन को सफल बनाने का आह्वान करता है।

### आरपीएफ का ऑपरेशन ....

मिला। पूछताछ करने पर उसने अपना नाम महेन्द्र बहादुर पिता लाल बहादुर निवासी जयपुर जिला कोरापुट ओडिशा का रहने वाला बताया तथा अपना मोबाईल नम्बर भी टीम को बताया। टीम द्वारा बच्चे का सुरक्षित रेस्क्यू करने के बार उसे देखभाल, सरक्षंण व आवश्यक कार्रवाई के लिए आरपीएफ पोस्ट जगदलपुर लाया गया। टीम द्वारा बच्चे के पिता से दूरभाष पर सम्पर्क किया गया तो उसने बताया कि वे अपने पुत्र को लेने के लिए ट्रेन संख्या 18107 से जगदलपुर आ रहे है। टीम द्वारा इसकी सूचना चाइल्ड हेल्पलाइन को भी दी गई जिसके बाद जिला समन्वयक खुलेश दास पंथ भी आरपीएफ पोस्ट पहुंच गए।

आरपीएफ की सक्रियता पर परिजनों ने माना आभार : निरीक्षक प्रवीण कुमार ने बताया कि चाईल्ड हेल्पलाइन के अधिकारी के पहुंचने के बाद सभी वैधानिक औपचारिकताएं पूर्ण की गईं। इसके पश्चात नाबालिग बालक को किशोर न्याय अधिनियम तथा उसके अंतर्गत बनाए गए नियमों के प्रावधानों के अनुरूप सुरक्षित अभिरक्षा, देखभाल व आवश्यक कार्रवाई के लिए विधिवत सुपुर्द कर दिया गया। इसके उपरांत चाईल्ड हेल्पलाईन द्वारा आवश्यक कार्रवाई कर नाबालिग को उसके परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया। सुरक्षित बच्चे को प्राप्त करने के बाद परिजनों ने सुरक्षित रेस्क्यू करने पर आरपीएफ का आभार मानते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया।

### मोदी ने लगातार....

निर्माण हो रहा है। 12 वर्षों में प्रधानमंत्री श्री मोदी ने देश के विकास के लिए अद्भुत कार्य किये हैं। जिसके हम और आप सभी साक्षी हैं। भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष अशोक साहू ने अध्यक्ष उद्बोधन दिया। सम्मेलन को भाजपा प्रदेश महामंत्री अखिलेश सोनी ने भी संबोधित कर अपना मार्गदर्शन दिया। कार्यक्रम में पिछड़ा वर्ग मोर्चा के प्रबुद्धजनों व वरिष्ठजनों का सम्मान किया गया। कार्यक्रम का संचालन भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा प्रदेश महामंत्री अशोक सिन्हा व आभार प्रदर्शन प्रदेश उपाध्यक्ष निर्देश दीवान ने किया। कार्यक्रम में सांसद महेश कश्यप, पूर्व सांसद दिनेश कश्यप, जिलाध्यक्ष वेदप्रकाश पाण्डे, पूर्व विधायक लच्छूराम कश्यप, महापौर संजय पाण्डे, संभागीय प्रभारी हेमराज सोनी, परीसराम बेसरा, निलाम्बर सेठिया, संतोष ठाकुर, अभिषेक साव, हरि साहू ,गजानन मानिकपुरी, सुरेश गुप्ता, दिगम्बर राव, संजय चन्द्राकर, माणिकराम पंत, संजय चंदा, मुरली कृष्णा, शंकर राव आदि सहित बड़ी संख्या में सातों जिलों के पिछड़ा वर्ग मोर्चा के पदाधिकारी कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### गीत, समाचार, खेती-किसानी और पीएम के 'मन की बात' सुनने का शौक

# बदला जमाना, नहीं बदला रेडियो से सोमारू का 40 साल पुराना रिश्ता

हरिभूमि न्यूज ⏭ फरसगांव

जब दुनिया स्मार्टफोन और इंटरनेट की ओर तेजी से बढ़ रही है, तब विकासखंड के ग्राम भूमका निवासी 76 वर्षीय बुजुर्ग सोमारू राम निषाद आज भी रेडियो को अपना सबसे प्रिय साथी मानते हैं। पिछले चार दशकों से वे रेडियो के जरिए गीत-संगीत, समाचार, खेती-किसानी की जानकारी और प्रधानमंत्री के मन की बात कार्यक्रम सुनकर अपना समय बिताते आ रहे हैं। सोमारू निषाद बताते हैं कि उन्हें टीवी देखने में रुचि नहीं है। उनके पास मोबाइल फोन भी है, लेकिन उसका उपयोग वे केवल बातचीत के लिए करते हैं। वे कभी स्कूल नहीं गए, हालांकि गांव में संचालित साक्षरता अभियान के माध्यम से उन्होंने पढ़ना-लिखना सीखा। वे बीते 40 वर्षों में वे 7 से 8 रेडियो खरीद चुके हैं। वर्तमान में उनके पास तीन रेडियो हैं, जिनमें दो खराब हो चुके हैं, जबकि एक रेडियो आज भी उनका हमसफर बना हुआ है। उन्होंने बताया कि करीब 40 वर्ष पहले उन्होंने अपना पहला रेडियो मात्र 100 रुपये में खरीदा था और उस समय बैटरी का एक सेल एक रुपये में मिलता था। आज वे 950 रुपये का रेडियो इस्तेमाल कर रहे हैं, जिसमें 30-30 रुपये के तीन सेल लगते हैं और यह लगभग दो माह तक चलता है। ग्राम भूमका के निवासी सोमारू निषाद पिछले दो वर्षों से गांव के शिव मंदिर के पीछे बनी एक झोपड़ी में रहकर मंदिर में पुजारी की सेवा कर रहे हैं। उनके दो बेटे गांव में ही रहते हैं, जबकि एक बेटी का विवाह हो चुका है। परिवार में उनके पांच नाती-पोते हैं।

- स्मार्टफोन होने के बावजूद रेडियो ही है पहली पसंद





### बचपन से हाथों में रेडियो देख रहा हूं : सरपंच कुंवर

ग्राम भुमका के सरपंच रामभरोश कुंवर बताते हैं कि सोमारू राम निषाद को रेडियो से गहरा लगाव है। वे कहते हैं, "मैं बचपन से ही उनके हाथों में रेडियो देखता आ रहा हूं। निषाद जी गांव के शिव मंदिर में पुजारी के रूप में सेवा देते हैं। रोज सुबह-शाम पूजा-अर्चना के बाद मंदिर के पीछे बनी झोपड़ी में बैठकर रेडियो पर पंडवानी, भजन और पुराने गीत सुनते हुए मंदिर परिसर की देखभाल करते हैं।" सरपंच के अनुसार, सोमारू राम निषाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'मन की बात' कार्यक्रम के नियमित श्रोता हैं। कार्यक्रम शुरू होने से पहले ही वे पूरी तैयारी के साथ रेडियो लेकर बैठ जाते हैं और प्रधानमंत्री द्वारा बताई जाने वाली जनकल्याणकारी योजनाओं, स्वच्छता अभियान तथा सामाजिक संदेशों को ध्यानपूर्वक सुनते हैं। इसके बाद वे इन जानकारियों को गांव के लोगों तक भी पहुंचाते हैं।

## खबर संक्षेप

### मंत्री रामविचार नेताम 2 दिवसीय प्रवास पर रहेंगे

**बीजापुर।** छत्तीसगढ़ शासन के आदिम जाति विकास, कृषि विकास एवं किसान कल्याण, जैव प्रौद्योगिकी, मछलीपालन तथा पशुधन विकास मंत्री रामविचार नेताम 2 एवं 3 जुलाई को दो दिवसीय प्रवास पर बीजापुर जिले में विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल होंगे। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार मंत्री 2 जुलाई को प्रातः जगदलपुर से प्रस्थान कर दोपहर 12:15 बजे ग्राम नैमेड़ स्थित मत्स्य बीज प्रक्षेत्र पहुंचेंगे, जहां वे मेजर कार्प उत्पादन एवं वितरण कार्य का अवलोकन करेंगे। इसके पश्चात दोपहर 1 बजे सर्किट हाउस बीजापुर पहुंचेंगे। अपराह्न 3 बजे कलेक्ट्रेट सभागार बीजापुर में जिला बीजापुर, दंतेवाड़ा एवं सुकमा से संबंधित विभागीय समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करेंगे। बैठक उपरांत सायं 5:40 बजे सर्किट हाउस बीजापुर पहुंचकर रात्रि विश्राम करेंगे। 3 जुलाई को प्रातः 9:30 बजे स्थानीय जनप्रतिनिधियों से भेंट एवं चर्चा करेंगे। इसके बाद 11 बजे आदिवासी छात्रावास एवं आश्रम का निरीक्षण करेंगे। दोपहर 1:30 बजे सर्किट हाउस बीजापुर से जगदलपुर के लिए प्रस्थान करेंगे।

### चयन समिति की बैठक

**दरभा।** दरभा ब्लॉक मुख्यालय में जिला पंचायत उपाध्यक्ष बलदेव मंडावी के मुख्य आतिथ्य में बैठक सम्पन्न हुई। जहां चयन समिति कि ओर से एसडीएम शंकर लाल सिन्हा शिक्षा समिति के सभापति पीडी हरीश, शिक्षा समिति सदस्य गागरा राम नाग उपस्थित थे। मंडल अध्यक्ष देवी प्रसाद बेंजाम, जनपद अध्यक्ष मानक दई कश्यप, महामंत्री नारायण कुरानी भी बैठक में आमंत्रित किये गए थे। जनपद पंचायत के 25 आश्रम छात्रावासों के अधीक्षक व अधिक्षिकाओं ने अपने आश्रम छात्रावास के प्रवेश हेतु इच्छुक छात्र-छात्राओं की सूची चयन समिति के समक्ष प्रस्तुत की।

# विज्ञान दैनिक जीवन का अभिन्न हिस्सा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गीदम

- एकलव्य विद्यालय में मना विज्ञान ज्योति कार्यक्रम

एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय गीदम में सक्षम शनिवार यानी बैगलेस डे के तहत विज्ञान ज्योति कार्यक्रम का उत्साहपूर्वक आयोजन किया गया। इसका मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण, जिज्ञासा, नवाचार और तार्किक चिंतन को बढ़ावा देना था। कक्षा 6वीं से 8वीं तक के विद्यार्थियों ने पूरे उत्साह के साथ विज्ञान आधारित गतिविधियों में भाग लिया और विज्ञान को किताबों से बाहर व्यवहारिक रूप में समझा।

कार्यक्रम की शुरुआत विज्ञान के महत्व पर परिचर्चा से हुई। विद्यार्थियों को बताया गया कि विज्ञान सिर्फ विषय नहीं, बल्कि दैनिक जीवन का हिस्सा है। बिजली, मोबाइल, इंटरनेट, चिकित्सा, परिवहन, कृषि और



पर्यावरण संरक्षण में विज्ञान की भूमिका को सरल उदाहरणों से समझाया गया। बच्चों को बताया गया कि वैज्ञानिक सोच हर समस्या का तार्किक समाधान खोजने में मदद करती है। विद्यार्थियों ने अनुभव किया कि विज्ञान केवल कठिन सूत्रों तक सीमित नहीं, बल्कि मनोरंजक और आनंददायक भी हो सकता है। प्रयोगों और संवाद सत्रों के जरिए बच्चों ने खेल-खेल में विज्ञान की अवधारणाओं को सीखा। इससे उनमें आत्मविश्वास, जिज्ञासा और रचनात्मक सोच का विकास हुआ। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने विज्ञान आधारित आकर्षक रंगोली बनाकर विभिन्न वैज्ञानिक अवधारणाओं को कलात्मक रूप में पेश किया। इसके बाद बच्चों ने विद्यालय की विज्ञान प्रयोगशाला का भ्रमण किया। यहां उन्होंने वैज्ञानिक उपकरणों, मॉडलों और प्रयोगों का प्रत्यक्ष अवलोकन किया। विद्यालय के प्रयोगशाला परिचारक अर्जुन ने विद्यार्थियों को उपकरणों का व्यावहारिक परिचय दिया और कई प्रयोगों का प्रदर्शन किया। बच्चों ने उत्सुकता से सवाल पूछे और जाना कि रोजमर्रा की घटनाओं के पीछे विज्ञान के सिद्धांत कैसे काम करते हैं। यह भ्रमण उनके लिए बेहद ज्ञानवर्धक रहा।

### शिक्षिकाओं का मिला उत्कृष्ट मार्गदर्शन

कार्यक्रम को सफल बनाने में सुश्री शिवानी, सुश्री हिमांशी, सुश्री श्वेता, एवं सुश्री अंजलि ने विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया। सभी शिक्षिकाओं ने विज्ञान को सरल और व्यवहारिक रूप में पेश किया और बच्चों को प्रयोगों से सीखने के लिए प्रेरित किया। पूरे कार्यक्रम का समन्वय विद्यालय की सीसीए प्रभारी दीपशिखा मिश्रा ने किया। विद्यालय के प्राचार्य ने कहा, विज्ञान केवल पढ़ने का विषय नहीं, बल्कि सोचने, समझने और नई खोज करने की प्रेरणा है। अगर बच्चे प्रश्न पूछना और प्रयोग करना सीख जाएं, तो वही असली शिक्षा है। उन्होंने बच्चों से जिज्ञासु बने रहने और विज्ञान से समाज व राष्ट्र के विकास में योगदान देने का आह्वान किया।

# उत्कृष्ट कार्य करने वाले अनुदेशक करेंगे दूसरे राज्यों का शैक्षणिक भ्रमण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सुकमा

जिले के पोटा केबिनों में शिक्षा और आवासीय व्यवस्थाओं की गुणवत्ता को और बेहतर बनाने के उद्देश्य से आयोजित दो दिवसीय अनुदेशक प्रशिक्षण का मंगलवार को सफल समापन हुआ। कलेक्टर अमित कुमार के निर्देशानुसार जिला ऑडिटोरियम

- पोटाकेबिन में ऐसा कार्य करें कि बच्चे और अभिभावक स्वयं आपको अपने विद्यालय में चाहें

सुकमा में आयोजित इस प्रशिक्षण में जिले के सभी अनुदेशकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

प्रशिक्षण का शुभारंभ डिप्टी कलेक्टर शबाब खान ने किया। उन्होंने अनुदेशकों से कहा कि वे बच्चों के सर्वांगीण विकास को अपनी प्राथमिकता बनाएं तथा आवासीय विद्यालयों में संवेदनशीलता, अनुशासन और समर्पण के साथ अपनी



जिम्मेदारियों का निर्वहन करें। प्रशिक्षण के पहले दिन मास्टर ट्रेनर्स ने बच्चों के सर्वे, प्रवेश प्रक्रिया, पंजी संधारण, छात्रावास एवं कक्षों की साज-सज्जा, भोजन व्यवस्था, सुरक्षा और दैनिक संचालन सहित विभिन्न विषयों पर विस्तृत प्रशिक्षण दिया। शाम को आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम में अनुदेशकों ने गीत, नृत्य और सामूहिक प्रस्तुतियों के माध्यम से अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया, जिससे प्रशिक्षण का वातावरण और भी जीवंत हो गया। दूसरे दिन की शुरुआत प्रातः योग सत्र से हुई। इसके बाद मानसिक स्वास्थ्य, मेडिकल कक्ष की तैयारी, बालिकाओं के मासिक धर्म प्रबंधन, स्वास्थ्य एवं स्वच्छता, व्यक्तिगत हाइजीन, बच्चों की दैनिक दिनचर्या, अवकाश प्रबंधन तथा विद्यार्थियों को प्रेरित करने के प्रभावी तरीकों पर विशेषज्ञों ने विस्तार से जानकारी दी। समापन समारोह में कलेक्टर अमित कुमार ने अनुदेशकों को प्रेरित करते हुए कहा कि वे स्वयं को पोटा केबिन की ऐसी आवश्यकता बनाएं कि बच्चे और उनके अभिभावक उन्हें अपने विद्यालय में ही देखना चाहें। उन्होंने कहा कि गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, अनुशासन, संवेदनशील व्यवहार और समर्पित कार्यशैली ही पोटा केबिनों की पहचान बनेगी।

कलेक्टर ने घोषणा की कि सभी अनुदेशकों के कार्यों की हर तीन माह में समीक्षा की जाएगी। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले पांच-पांच अनुदेशकों को अन्य राज्यों के शैक्षणिक भ्रमण पर भेजा जाएगा, ताकि वे वहां की बेहतर व्यवस्थाओं का अध्ययन कर जिले में भी नवाचार लागू कर सकें।

### समग्र विकास के लिए निरंतर करे प्रयास : डीईओ

इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी जी. आर. मांडवी भी प्रशिक्षण में शामिल हुए और अनुदेशकों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा एवं बच्चों के समग्र विकास के लिए निरंतर प्रयास करने की प्रेरणा दी।

### बच्चों के समग्र विकास संवेदनशील देखभाल

कार्यक्रम के अंत में सहायक परियोजना समन्वयक आशीष राम ने सभी अनुदेशकों द्वारा प्रशिक्षण में सक्रिय सहभागिता के लिए आभार व्यक्त किया। उन्होंने मॉड्यूल तैयार करने वाले मास्टर ट्रेनर्स की सराहना करते हुए कहा कि उनके प्रयासों से प्रशिक्षण अत्यंत उपयोगी और व्यवहारिक रहा। दो दिवसीय इस प्रशिक्षण के माध्यम से अनुदेशकों को न केवल शैक्षणिक एवं प्रशासनिक दक्षता बढ़ाने का अवसर मिला, बल्कि बच्चों के समग्र विकास, संवेदनशील देखभाल और बेहतर आवासीय वातावरण तैयार करने के लिए भी व्यावहारिक मार्गदर्शन प्राप्त हुआ।

# बिजली की आंख-मिचौली से ग्रामीण परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मद्देड़

विकासखण्ड अंतर्गत ग्राम पंचायत मददेड सहित पूरे क्षेत्र में पिछले कई महीनों से अनियमित विद्युत आपूर्ति के कारण ग्रामीणों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

क्षेत्र में दिनभर बिजली की आंख-मिचौली जारी रहने से जनजीवन प्रभावित हो गया है। ग्रामीणों का आरोप है कि दिन रात में कई बार बिजली गुल हो जाती है

- ट्रांसफार्मर बदलने और लूज तार सुधारने की मांग

और वोल्टेज भी सामान्य से काफी कम रहता है, जिससे घरेलू एवं शैक्षणिक गतिविधियां बुरी तरह प्रभावित हो रही हैं। ग्रामीणों के अनुसार सुबह लगभग 6 बजे से रात 10 बजे तक बिजली की आपूर्ति का कोई निश्चित समय नहीं है। कई बार 15 से 30 मिनट तक बिजली रहने के बाद 5 से 6 घंटे तक आपूर्ति बंद हो जाती है। इस अनियमितता के कारण मोबाइल चार्जिंग, पेयजल की मोटर, पंखे, घरेलू उपकरण और अन्य आवश्यक कार्य प्रभावित हो रहे हैं।



कम वोल्टेज की समस्या के कारण पंखों, कूलर और अन्य विद्युत उपकरणों के खराब होने की आशंका भी बनी रहती है। ग्रामीणों व्यापारियों पलकों में महिलाओं ने बताया कि अभी स्कूल खुल रहा भरती सम्बन्धित, बैंक हो महतारी वंदना कागजात, स्कूल आदि के कागजातों की फोटो कापी बैंक सर्वर काम नहीं कर रहा, व्यापारियों का लेने देना सामानों का आर्डर नहीं हो रहा बिना सुचारू रूप लाइट के बिना संचालित नहीं हो रहा है। बार-बार बिजली बाधित होने से विद्यार्थियों की पढ़ाई, शिक्षकों के शैक्षणिक कार्य एवं अन्य आवश्यक गतिविधियां प्रभावित हो रही हैं।

# नवप्रवेशी विद्यार्थियों को दी स्टेशनरी व कॉपी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| लोहंडीगुड़ा

पीएम श्री सेजेस विद्यालय लोहंडीगुड़ा में सामाजिक सरोकार की एक सराहनीय पहल के अंतर्गत उसरीबेड़ा के ओएसओएफ समूह एवं विद्यालय के एसएमडीसी सदस्यों द्वारा कक्षा पहली में नवप्रवेश लेने वाले विद्यार्थियों को कॉपियां एवं स्टेशनरी सेट वितरित किए गए।

कार्यक्रम के दौरान सभी नवप्रवेशी बच्चों का उत्साहपूर्वक स्वागत किया गया तथा उन्हें अध्ययन सामग्री प्रदान कर उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ दी गईं। कॉपी एवं स्टेशनरी प्राप्त कर बच्चों के चेहरों पर खुशी और उत्साह साफ़ झलक रहा था। इस पहल से विद्यार्थियों में नए



शैक्षणिक सत्र के प्रति सकारात्मक ऊर्जा का संचार हुआ।विद्यालय के प्राचार्य अशोक खापर्डे ने ओएसओएफ समूह एवं एसएमडीसी सदस्यों के इस प्रेरणादायक एवं सामाजिक कार्य की सराहना करते हुए कहा कि समाज और विद्यालय के संयुक्त प्रयासों से बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ बेहतर अवसर उपलब्ध कराए जा सकते हैं। उन्होंने बताया कि पिछले वर्ष भी ओएसओएफ समूह द्वारा विद्यालय की मध्यान्ह भोजन योजना के लिए आवश्यक बर्तनों का सहयोग प्रदान किया गया था, जिससे विद्यालय को महत्वपूर्ण सहायता मिली। उन्होंने समूह के निरंतर सहयोग एवं सामाजिक सेवा भावना की प्रशंसा करते हुए सभी सहयोगकर्ताओं का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर डॉ. बसंत कश्यप, उमा शंकर भोई, कमलेश जेठवा, केदार ढेक, सुरेश भारद्वाज, सुरेन्द्र साहू, संजय देवांगन व शिक्षकगण उपस्थित रहे।



# शासकीय सेवा में लंबे समय तक पूरी ईमानदारी से कार्य करना प्रेरणादायक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बस्तर

जनपद पंचायत बस्तर में लंबे समय से चतुर्थ वर्ग कर्मचारी के पद पर कार्यरत शिवनाथ यादव के सेवानिवृत्त होने पर मंगलवार को जनपद पंचायत कार्यालय परिसर में सेवानिवृत्ति सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम की शुरुआत में अधिकारियों और कर्मचारियों ने

- शिवनाथ यादव को सेवानिवृत्ति पर किया सम्मान

शिवनाथ यादव के कार्यकाल पर प्रकाश डाला। वक्ताओं ने कहा कि यादव ने जनपद पंचायत में अपनी सेवा के दौरान हमेशा अनुशासन, कर्तव्यनिष्ठा और समर्पण का परिचय दिया। कार्यालयीन कार्यों में उनकी सक्रिय भूमिका और सहयोग को सभी ने सराहनीय बताया। सहकर्मियों ने उनके साथ बिताए अनुभवों को साझा करते हुए उन्हें एक जिम्मेदार और मिलनसार कर्मचारी निरूपित किया।

इस अवसर पर जनपद पंचायत सीईओ भानुप्रताप चुरेंद्र ने शिवनाथ यादव को शाल और स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि शासकीय सेवा में लंबे समय तक पूरी ईमानदारी से कार्य करना प्रेरणादायक है। सीईओ ने सेवानिवृत्त कर्मचारी के सुखद, स्वस्थ और उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

समारोह में जनपद पंचायत के लेखा शाखा, स्थापना शाखा, मनरेगा, स्वच्छ भारत मिशन और अन्य विभागों के अधिकारी व कर्मचारी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। सभी ने शिवनाथ यादव को पुष्पगुच्छ भेंट कर शुभकामनाएं दीं और उनके योगदान के लिए आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम के अंत में सामूहिक भोज का भी आयोजन किया गया।

# संस्था ने समाजहित में अनेक कार्य किए : विधायक

हरिभूमि न्यूज : घाटलोहंगा/ भोण्ड



बस्तर जन जागरण नवयुवक मंडल बकावंड द्वारा संस्था के स्थापना वर्ष के अवसर पर माता हिंगलाजिन विद्यापीठ स्कूल परिसर में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ माता सरस्वती की पूजा-अर्चना एवं शाला प्रवेशोत्सव के साथ हुआ। इस अवसर पर बस्तर विधायक एवं छत्तीसगढ़ विधानसभा के उपनेता प्रतिपक्ष लखेश्वर बघेल के सानिध्य में विधिवत पूजा-अर्चना कर विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में राज्यसभा सांसद फुलोदेवी नेताम शामिल हुईं। उनके बकावंड आगमन पर मुख्य मार्ग में विधायक लखेश्वर बघेल के नेतृत्व में जनप्रतिनिधियों, कार्यकर्ताओं एवं बड़ी संख्या में महिला प्रतिनिधियों ने बस्तर की पारंपरिक संस्कृति, बाजे-गाजे एवं रीति-रिवाज के साथ भव्य स्वागत किया। इसके पश्चात अतिथियों ने माता सरस्वती की पूजा-अर्चना कर नवप्रवेशी विद्यार्थियों को आशीर्वाद दिया तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की मंगलकामना की। कार्यक्रम के दौरान आयोजित एलोपैथिक एवं आयुर्वेदिक निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का भी निरीक्षण किया। शिविर में लोगों का रक्तचाप (बीपी), शुगर परीक्षण किया गया तथा आयुर्वेदिक काढ़ा एवं औषधियों का वितरण किया गया। अतिथियों ने आमजन से समय-समय पर स्वास्थ्य परीक्षण कराने तथा स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने की अपील की। इस अवसर पर सांसद एवं विधायक ने बस्तर जन जागरण नवयुवक मंडल द्वारा विद्यार्थियों की सुविधा एवं सुरक्षित आवागमन को ध्यान में रखते हुए खरीदी गई नई स्कूल बस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। साथ ही संस्था परिसर में अतिरिक्त कक्ष निर्माण के लिए राज्यसभा सांसद निधि से स्वीकृत लगभग 20 लाख रुपये की लागत के भवन निर्माण कार्य का भूमिपूजन भी किया गया।

कार्यक्रम के दौरान अतिथियों ने पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। उन्होंने सभी नागरिकों से एक पेड़ मां, पिता एवं अपने पूर्वजों के नाम लगाने का आग्रह करते हुए पर्यावरण संरक्षण को जनआंदोलन बनाने की बात कही।

समारोह में संस्था परिसर में निर्मित डोम शेड तथा माता हिंगलाजिन विद्यापीठ स्कूल के जीर्णोद्धार कार्य हेतु लगभग 19 लाख रुपये के विकास कार्यों का लोकार्पण किया गया। साथ ही संस्था के उन दिवंगत सदस्यों के छायाचित्रों पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई, जिन्होंने संस्था के विकास में महत्वपूर्ण योगदान दिया था। विधायक एवं उपनेता प्रतिपक्ष लखेश्वर बघेल ने कहा कि बस्तर जन जागरण नवयुवक मंडल की स्थापना से जुड़ना उनके लिए गर्व की बात रही है। उन्होंने कहा कि संस्था ने प्रारंभ से ही समाजहित के अनेक कार्य किए हैं। जनजागरण समिति के माध्यम से सामूहिक विवाह जैसे सामाजिक अभियान को सफलतापूर्वक संचालित किया गया, जिसके अंतर्गत राजनगर में 298, बकावंड में 251, तारापुर में 104, करपावंड में 210, नगरनार में 339, मोंगरापाल में 1054, कोरटा में 43, करमरी में 100 तथा बकावंड क्षेत्र में 369 जोड़ों का सामूहिक विवाह संपन्न कराया गया। उन्होंने कहा कि यह पहल आज शासन की महत्वपूर्ण योजनाओं में भी शामिल हो चुकी है।

उन्होंने आगे कहा कि बस्तर जन जागरण नवयुवक मंडल प्रत्येक वर्ष कबड्डी, वॉलीबॉल, मैराथन दौड़, साइकिल रेस, उड़िया नाट, कोटनी गीत, परब नृत्य, सामूहिक नृत्य जैसे सांस्कृतिक एवं खेल आयोजनों के माध्यम से युवाओं की प्रतिभा को मंच प्रदान करता है। इसके साथ ही शासकीय योजनाओं की जानकारी जन-जन तक पहुंचाने, उत्कृष्ट विद्यार्थियों, छात्र-छात्राओं, प्रगतिशील किसानों तथा स्वास्थ्य शिविरों के माध्यम से समाज सेवा का कार्य निरंतर किया जा रहा है। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों, प्रशासनिक अधिकारियों, संस्था के पदाधिकारियों, शिक्षकों, विद्यार्थियों, अभिभावकों तथा बड़ी संख्या में ग्रामीणों की गरिमामयी उपस्थिति रही।

# 41 वर्षों की सेवा के बाद शिक्षक जी पेंटा हुए सेवानिवृत्त



हरिभूमि न्यूज ▶▶| सुकमा

शिक्षा के क्षेत्र में चार दशक से अधिक समय तक समर्पण, अनुशासन और सेवा भावना के साथ कार्य करने वाले माध्यमिक शाला मुलागुड़ा के प्रधानाध्यापक जी पेंटा राव मंगलवार को सेवानिवृत्त हो गए। यह दिन उनके जीवन का सबसे यादगार और ऐतिहासिक अवसर भी बन गया, क्योंकि इसी दिन उनका 62वां जन्मदिन भी था। जन्मदिन और सेवानिवृत्ति का यह दुर्लभ

- ईमानदारी और सेवा भाव ही मेरी सबसे बड़ी पूंजी

संयोग उनके परिवार, शिक्षा विभाग और विद्यार्थियों के लिए भावनात्मक पल बन गया। जिला मुख्यालय में आयोजित सम्मान समारोह में कलेक्टर अमित कुमार ने जी पेंटा राव को शाल एवं श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया तथा पेंशन भुगतान आदेश (पीपीओ) प्रदान किया। जिला शिक्षा अधिकारी जीआर मंडावी के मार्गदर्शन में आयोजित कार्यक्रम में शिक्षा विभाग के अधिकारियों, कर्मचारियों एवं शिक्षकों ने उनके उत्कृष्ट योगदान को नमन करते हुए भावभीनी विदाई दी।

### शिक्षा को बनाया जीवन का उद्देश्य

30 जून 1964 को सुकमा जिले के ग्राम पंचायत गोंगला में एक सामान्य एवं सादगीपूर्ण परिवार में जन्मे जी पेंटा राव ने संघर्षों के बीच अपनी शिक्षा पूरी की। उनका जीवन शुरू से ही ईमानदारी, अनुशासन और सेवा भावना का उदाहरण रहा। शिक्षक बनने के बाद उन्होंने नौकरी को केवल रोजगार नहीं, बल्कि समाज और राष्ट्र निर्माण का माध्यम माना। उन्होंने बताया कि जब सरकार ने उन्हें शिक्षक बनने योग्य समझकर नियुक्ति दी, तभी उन्होंने संकल्प लिया कि शिक्षा के प्रति अपनी जिम्मेदारी पूरी निष्ठा और ईमानदारी से निभाएंगे। उनका मानना रहा कि जिस कार्य से हमारी रोजी-रोटी चलती है, उसके प्रति पूरी ईमानदारी और सेवा भाव रखना हमारा कर्तव्य है। शिक्षा के क्षेत्र में लापरवाही की कोई जगह नहीं होनी चाहिए। इसी सोच के साथ उन्होंने अपने पूरे सेवाकाल में विद्यार्थियों के भविष्य को संवारने का कार्य किया।

# भाजयुमो की बैठक में बूथ जीतने पर बनी रणनीति



**गीदम।** पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान डिजिटल लर्निंग प्लेटफॉर्म के तहत,भाजयुमो प्रदेश अध्यक्ष राहुल योगराज टिकरिहा के निर्देश अनुसार एवं भाजपा जिला अध्यक्ष दंतेवाड़ा संतोष गुप्ता के मार्गदर्शन में शक्ति केंद्र बारसूर - 02 के बूथ क्रमांक -8 में युवा मोर्चा की बैठक संपन्न हुई। बैठक में डिजिटल लर्निंग के माध्यम से संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने एवं आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा पर विस्तृत चर्चा हुई। युवा मोर्चा के सभी ऊर्जावान कार्यकर्ताओं ने एक स्वर में संगठन के कार्यों को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया। इस दौरान भाजपा मंडल महामंत्री राजेश नाग, युवा मोर्चा जिला उपाध्यक्ष शैलेन्द्र ठाकुर, जिला मंत्री हितेश सिन्हा, युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष सुनील नाग, युवा मोर्चा महामंत्री द्वय ऋषित राव, सुनील अटामी, उपाध्यक्ष सुखराम मंडावी, मंत्री नामेश कश्यप, युनित कश्यप, सह कोषाध्यक्ष चुभू कश्यप एवं समस्त पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# 200 कर्मचारियों को नए कानूनों की दी जानकारी



**गीदम।** पुलिस मुख्यालय के आदेश के पालन में थाना गीदम पुलिस ने डेनेक्स सिलाई सेंटर में कार्यरत 200 महिला एवं पुरुष कर्मचारियों के लिए साइबर जागरूकता, नशा मुक्ति एवं सामुदायिक पुलिसिंग कार्यक्रम का आयोजन किया। इस दौरान तीनों नए कानून बीएनएस, बीएनएसएस और बीएसए के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। जून के प्रथम से चतुर्थ सप्ताह तक थाना अनुभाग स्तर पर न्याय संहिता कानून पर कैंप लगाया गया। पुलिस अधिकारियों ने क्लास के माध्यम से कर्मचारियों को नए कानूनों की बारीकियों से अवगत कराया। साथ ही साइबर अपराधों से बचाव के लिए अलग से जागरूक किया गया।

HEALTH TOWN

DR. ABHIMANYU'S AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
> वात रोग > घुटने के दर्द > पीठ व कमर दर्द > स्पॉन्डिलाइटिस > लिगामेंट के दर्द
> साइटिका > गोल्फ एल्बो > फ्रोजन शोल्डर > शरीर मे जकड़न
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003

Piles Care Clinic
ISO 9001:2015 Certified Clinic
Unit of Dr Abhimanyu's Pain Relief Center
बिना चीरफाड़ के बवासीर (पाइल्स), फिस्टुला (भगंदर) फिशर्स, पिलोनिडल साइनस का
लेज़र मशीन / क्षार सूत्र द्वारा आपरेशन की सुविधा
लेडिस डॉक्टर उपलब्ध

न्यू मातृ स्मृति हॉस्पिटल
मैटरनिटी, चिल्ड्रन्स एवं सर्जिकल हॉस्पिटल
उपलब्ध सुविधाएँ
- गर्भवती महिलाओं की संपूर्ण जांच व परामर्श नार्मल एवं सीजेरियन डिलीवरी
- एवं बच्चेदानी का ऑपरेशन व नसबंदी
- सर्वसुविधायुक्त PICU, NICU, OT
- बच्चों की सभी प्रकार की सर्जरी हर्निया, हाईड्रोसील, सरकम सीजन की सुविधा
- आयुष्मान कार्ड और CSEB से कैशलेस उपचार,
- TPA की सुविधा
माँ और शिशु का विश्वास
डॉ. सी.पी.सिंह (एमबीबीएस, एमडी) शिशु एवं बाल्य रोग विशेषज्ञ
डॉ. नीलिमा सिंह (एमबीबीएस, डी.जी.ओ.) स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ
9009553889, 9090204620
एकता नगर, अम्बेडकर चौक के पास, गुढ़ियारी रायपुर
ब्रांच : मातृ स्मृति मंगल बाजार, गायत्री मंदिर के सामने, गुढ़ियारी, रायपुर

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### पीएचसी के चिकित्सकों व नर्सिंग स्टॉफ का सम्मान



**जगदलपुर।** राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस के अवसर पर राष्ट्रीय मानवाधिकार एवं अपराध नियंत्रण ब्यूरो नई दिल्ली द्वारा बस्तर संभाग के अंतर्गत प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र (पीएचसी) आड़ावाल में कार्यरत चिकित्सकों एवं नर्सिंग स्टाफ का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इसमें ग्रामीण एवं दूरस्थ क्षेत्र के पांच पंचायतों में विपरीत परिस्थितियों के बावजूद निरंतर उत्कृष्ट एवं समर्पित स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने वाले चिकित्सा कर्मियों के सम्मान में आयोजित किया गया। दिवस में सम्मान कार्यक्रम राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. रणधीर कुमार एवं राष्ट्रीय संयुक्त सचिव एवं छत्तीसगढ़ प्रदेश अध्यक्ष डॉ. जतिंदरपाल सिंह के कुशल मार्गदर्शन से किया गया। कार्यक्रम में बस्तर संभाग अध्यक्ष जगमोहन सोनी, उपाध्यक्ष नवीन एक्का तथा उपाध्यक्ष श्री प्रेमदास मानिकपुरी, संभाग महासचिव योगेंद्र कश्यप, जिला अध्यक्ष धीरेन्द्र पटनायक ने राष्ट्रीय मानवाधिकार एवं अपराध नियंत्रण ब्यूरो नई दिल्ली की ओर से चिकित्सकों एवं स्वास्थ्यकर्मियों को पुष्पगुच्छ, प्रशस्ति-पत्र एवं स्मृति-चिह्न भेंट कर सम्मानित किया। इस अवसर पर डॉ. टीएस नाग (चिकित्सा अधिकारी, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र आड़ावाल) एवं डॉ. महेश मिश्रा (सहायक चिकित्सा अधिकारी, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र आड़ावाल)को उनके उत्कृष्ट कार्य, कर्तव्यनिष्ठा, मानवीय सेवा भावना तथा दुर्गम एवं चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में पांच पंचायतों के ग्रामीणों को निरंतर गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए विशेष रूप से सम्मानित किया गया।

### तीन विभाग मिलकर करेंगे विशेष बच्चों की सही पहचान

**जगदलपुर।** राज्य शासन द्वारा राज्य में विशेष आवश्यकता वाले इन बच्चों की सही पहचान, उनके प्रामाणिक सत्यापन और अद्यतन डेटा संकलन के लिए इस वृहद सर्वेक्षण अभियान की रूपरेखा तैयार की गई है, जिसे पूरी पारदर्शिता और समयबद्धता के साथ पूरा किया जाना है। उक्त परिप्रेक्ष्य में कलेक्टर आकाश छिकारा ने जिले में विशेष आवश्यकता वाले बच्चों के व्यापक सर्वेक्षण को लेकर महत्वपूर्ण निर्देश जारी किए हैं। जिसके तहत इसे जिला स्तरीय समय सीमा बैठक के मुख्य एजेंडे में शामिल करने का निर्णय लिया गया है, ताकि प्रत्येक स्तर पर इसकी निरंतर समीक्षा की जा सके और कार्य में कोई शिथिलता न आए। इस पूरे अभियान की सफलता हेतु स्वास्थ्य विभाग, समाज कल्याण विभाग और महिला एवं बाल विकास विभाग के आपसी तालमेल और मैदानी स्तर पर समन्वित पहल सुनिश्चित की जाएगी। इस दिशा में कलेक्टर ने उक्त तीनों विभागों को उनकी विशिष्ट जिम्मेदारियां सौंपते हुए सकारात्मक प्रयास करने को कहा है। इसी क्रम में स्वास्थ्य विभाग को निर्देशित किया गया है कि वे विशेष आवश्यकता वाले बच्चों के मेडिकल आकलन के लिए विशेषज्ञ चिकित्सकों और मेडिकल बोर्ड की उपलब्धता सुनिश्चित करें, ताकि दिव्यांगता प्रमाण पत्र जारी करने की प्रक्रिया में तेजी लाई जा सके।

# अपर कलेक्टर बनकर गांव लौटे अजीत, गाजे-बाजे से स्वागत, निकाली रैली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

बजावण्ड ग्राम निवासी अजीत पुजारी के अपर कलेक्टर पद पर पदोन्नत होकर पहली बार गृहग्राम पहुंचने पर भव्य स्वागत किया गया। गांव के मुख्य मार्गों से गाजे बाजे के साथ रैली निकाली गई और जगह जगह पारम्पिरिक रीतिरिवाजों के साथ उनका सम्मान किया गया।

गौरतलब है कि ग्राम बजावंड बस्तर जिले के सीमांत पर बसा है और ओडिशा राज्य से इसकी सीमा रेखा भास्केल नदी निर्धारित करती है। लगभग तीन हजार की आबादी वाले इस गांव में भतरा आदिवासी बहुल इस गांव में पनारा, मुरिया शौंडिक, मीरगान जैसे अन्य समुदाय भी आपसी सौहार्द से निवास करते आए हैं। बस्तर जिले के आम गांव की तरह होने के बावजूद ग्राम बजावंड अपनी धार्मिक और सांस्कृतिक विशेषताओं के लिए भी जाना जाता है, यहां के ऐतिहासिक देवालय में स्थापित मां हिंगलाजिन मंदिर पीढ़ीयो से आसपास के ग्रामीणों के लिए आस्था का एक बड़ा केंद्र रहा है। बस्तर के विश्व विख्यात दशहरा पर्व में यहां माँ हिंगलाजिन देवी की डोली अनिवार्य रूप से मां दंतेश्वरी के दरबार में अपनी उपस्थिति दर्ज कराती रही है और मां हिंगलाजिन के अनन्य उपासक भतरा आदिवासी समुदाय ही देवी की मुख्य पूजा अर्चना पीढ़ियों से करते रहे हैं। इसी गांव के भतरा पुजारी परिवार मे जन्मे स्व एसएस पुजारी वर्ष 1968 में तत्कालीन अविभाजित मध्य प्रदेश में राज्य सेवा परीक्षा उत्तीर्ण कर नायब तहसीलदार का पद पाया और क्षेत्र के प्रथम प्रशासनिक अधिकारी के रूप में उपलब्धि अर्जित की थी। वहीं बेहद सामान्य कृषि परिवार में जन्मे पुजारी ने विषम परिस्थितियों में अध्ययन कर इस पद को हासिल करके अपर कलेक्टर के पद तक अपनी सेवाएं दी और क्षेत्र के युवाओं के लिए प्रेरणा स्त्रोत रहे यह उपलब्धि इस मायने में भी महत्वपूर्ण रही कि एक आदिवासी वंचित समुदाय के युवा द्वारा तत्कालीन समय काल में प्रशासनिक सेवाओं में स्थान बनाना कतई आसान नहीं था।

## बजावण्ड के ग्रामीणों ने किया सम्मान समारोह आयोजित



### पिता के पदचिह्नों पर चले अजीत, अपर कलेक्टर बन बढ़ाया मान

निजी जीवन में प्रचार प्रसार से बेहद दूर रहने वाले स्वर्गीय सोन सिंह पुजारी ने जिस प्रशासनिक दक्षता से अपने कार्यकाल का निर्वहन किया वहीं एक संवेदनशील आंचलिक हलबी, भतरी साहित्यकार के रूप में भी यथेष्ट ख्याति अर्जित की थी। उन्हीं के पुत्र अजीत पुजारी ने अपने पिता के पदचिंन्हो पर चलकर विगत दिवस अपर कलेक्टर के पद पर पदोन्नति पा कर क्षेत्र को गौरान्वित किया। उनके प्रथम ग्राम आगमन पर क्षेत्र के वरिष्ठ गणमान्य ग्रामीणों द्वारा सम्मान समारोह आयोजित कर उन्हें बधाइयां और शुभकामनाएं दी गई।

## डिजिटल लर्निंग प्लेटफॉर्म कार्यशाला, भाजपा कार्यकर्ता हुए प्रशिक्षित

# बूथ स्तर तक डिजिटल रूप से सशक्त होंगे कार्यकर्ता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

भारतीय जनता पार्टी अपने कार्यकर्ताओं को अब डिजिटल प्लेटफार्म में दक्ष व पारंगत बना रही है। पं. दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान के तहत मंगलवार को भाजपा जिला कार्यालय में जगदलपुर पूर्वी व पश्चिमी नगर मण्डल के पदाधिकारियों कार्यकर्ताओं को डिजिटल लर्निंग प्लेटफार्म कार्यशाला आयोजित कर प्रशिक्षित किया गया।

- शक्ति केन्द्र व बूथ स्तर पर भी भाजपा चलायेगी डिजिटल प्रशिक्षण अभियान

पार्टी के कार्यक्रमों, केन्द्र व राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं व जनहित के कार्यों को डिजिटल माध्यम का बेहतर उपयोग करके अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचानें, उन्हें जोड़ने व व्यापक प्रचार प्रसार करने का बिन्दुवार प्रशिक्षण कार्यशाला में दिया गया। सरल पोर्टल का अनिवार्य रूप से उपयोग करके उससे जुड़ने एवं शक्ति केन्द्र व बूथ स्तर पर भी डिजिटल लर्निंग प्लेटफार्म कार्यशाला का आयोजन करके कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षित करने कहा गया है।

प्रदेश कार्यसमिति सदस्य विद्याशरण तिवारी ने कहा कि वर्तमान में डिजिटल प्लेटफार्म के ज़रिये ही अधिकाधिक कार्य हो रहे हैं। भाजपा के कार्यकर्ताओ को डिजिटल प्लेटफार्म में दक्ष व निपुण बनाने के लिये कार्यशाला आयोजित की गयी है।

भाजपा जिला अध्यक्ष वेदप्रकाश पाण्डेय ने अपने संबोधन में कार्यकर्ताओं से शक्ति केन्द्र व बूथ स्तर पर शीघ्र कार्यशाला संपन्न कराने कहा। भाजपा युवा मोर्चा जिला उपाध्यक्ष अभिषेक तिवारी ने कार्यशाला में डिजिटल प्लेटफार्म के उपयोग की बारिकियों व सरल पोर्टल के संबंध में कार्यकर्ताओं को विस्तार से अवगत कराया। कार्यक्रम का संचालन पूर्वी नगर मण्डल अध्यक्ष अविनाश श्रीवास्तव व आभार प्रदर्शन पश्चिमी नगर मण्डल अध्यक्ष प्रकाश झा ने किया।



### जनसेवा के लिए डिजिटल होना जरूरी

कार्यशाला में मुख्य वक्ता पूर्व विधायक संतोष बाफना ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता निरंतर सक्रिय व नवीन विषयों को सीखने तत्पर रहते हैं। डिजिटल लर्निंग प्लेटफार्म कार्यशाला का उद्देश्य कार्यकर्ताओं को डिजिटल माध्यम में भी सशक्त करना है। जिसका बेहतर से बेहतर उपयोग संगठन को सशक्त बनाने व जनता की सेवा के लिये किया जा सकता है।

### ये रहे मौजूद

कार्यशाला में महापौर संजय पाण्डेय, जिला उपाध्यक्ष आर्येंद्र सिंह आर्य, नरसिंह राव, सफीरा साहू, निगम अध्यक्ष खेमसिंह देवांगन, रंजीत पाण्डेय, मनोहर दत्त तिवारी, माहेश्वरी ठाकुर, योगेश सिंह ठाकुर, अभिलाष यादव, अजीज खान, सुधा मिश्रा, शशिनाथ पाठक, योगेश शुक्ला, मीना साहू, गीता नाग, विक्रम यादव, दिगम्बर राव, संतोष बाजपेयी, संजय चंद्राकर, अतुल सिम्हा, संग्राम सिंह राणा, राणा घोष, त्रिवेणी रंधारी, लक्ष्मी कश्यप, राज़ा यादव, योगेश मिश्रा, किरण दीवान, सूर्यभूषण सिंह, गायत्री कश्यप, मायारानी बरई, आशा साहू, दिलीप सुंदरानी, ब्रिजेश शर्मा, रोशन झा, अभय दीक्षित, यशवर्धन राव, विनय राजू, पूनम सिन्हा, बिजली बैद्य, अनिमेष चौहान, रमेश नायडू, रेखा सिंह, माधवी मण्डल, रौशन सिसोदिया, बसंती समरथ, उमा मिश्रा, उर्मिला यादव, गायत्री बघेल, पारुल बोथरा, हरीश पारेख, श्यामसुंदर बघेल, दिलीप दास, खगेन्द्र ठाकुर, पितामह नायक, किरण दीवान, डाकेश्वरी पाण्डेय, झरना मोहंती, ब्रिजेश कपूर, रोहन घोष, परमेश राजा, रितेश झा, योगेश पाणिग्रही आदि सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## जी राम जी योजना विकास का नया अध्याय लिखेगी : किरण देव

**जगदलपुर।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष किरण देव ने 1 जुलाई से छत्तीसगढ़ में बहुप्रतीक्षित 'विकसित भारत : जी राम जी' योजना के विधिवत अमल में आने पर हर्ष व्यक्त करते हुए इसका स्वागत किया है। श्री देव ने इस जनकल्याणकारी योजना की शुरुआत के लिए केंद्र व राज्य सरकार का आभार व्यक्त करते हुए इसे प्रदेश के विकास में एक मील का पत्थर बताया है।



देव ने कहा कि यह योजना प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'विकसित भारत' के संकल्प को धरातल पर उतारने की दिशा में एक बड़ा और प्रभावी कदम है। 1 जुलाई से इस योजना के लागू होने के साथ ही छत्तीसगढ़ के आम जनमानस, किसानों, युवाओं और महिलाओं के जीवन में एक सकारात्मक बदलाव की शुरुआत होने जा रही है। यह योजना समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास का लाभ पहुँचाने के मूल मंत्र पर आधारित है। 'जी राम जी' योजना के माध्यम से ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में बुनियादी ढाँचे, रोजगार के नए अवसरों और जनकल्याणकारी सुविधाओं का तेजी से विस्तार होगा। श्री देव ने कहा कि भाजपा की सरकार जो कहती है, वो करती है। 01 जुलाई की यह तारीख छत्तीसगढ़ के इतिहास में खुशहाली और प्रगति के नए अध्याय के रूप में दर्ज होगी।

# चिकित्सा सेवा समर्पण, ईमानदारी और मानवता का सर्वोच्च धर्म : डीन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस के अवसर पर डिमरापाल स्थित शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय में गरिमामय एवं उत्साहपूर्ण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. प्रदीप बेक रहे।

- मेकाज में जेडीए ने मनाया राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस, चिकित्सकों का किया सम्मान

कार्यक्रम में विभागाध्यक्षों, प्राध्यापकों, रेजिडेंट डॉक्टरों एवं बड़ी संख्या में मेडिकल छात्र-छात्राओं की उपस्थिति ने आयोजन को विशेष गरिमा प्रदान की। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के पूजन एवं वंदना के साथ हुआ। चिकित्सक दिवस के उपलक्ष्य में केक काटकर सभी चिकित्सकों का सम्मान किया गया। कार्यक्रम में रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने सभी का मन मोह लिया तथा चिकित्सकों के प्रति समाज के सम्मान और सेवा भावना को अभिव्यक्त किया। मेकाज के अधिष्ठाता (डीन) डॉ. बेक ने कहा कि चिकित्सक का जीवन सेवा, समर्पण, संवेदनशीलता और ईमानदारी का पर्याय है। उन्होंने सभी मेडिकल विद्यार्थियों एवं चिकित्सकों से अपने कर्तव्यों का निष्ठापूर्वक पालन करते हुए मरीजों की सेवा को सर्वोच्च प्राथमिकता देने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस हम सभी के लिए अपने दायित्वों के प्रति पुनः संकल्प लेने का अवसर है। इसी अवसर पर जूनियर डॉक्टर्स एसोसिएशन, जीएमसी जगदलपुर की नई कार्यकारिणी का गठन किया गया, जिसमें डॉ. प्रांजल तिवारी को सर्वसम्मति से अध्यक्ष चुना गया। कार्यक्रम का समापन सभी चिकित्सकों एवं विद्यार्थियों द्वारा समाज के प्रति समर्पित भाव से सेवा करने के संकल्प के साथ हुआ। कार्यक्रम में जेडीए के सदस्य डॉ. ऋतेश सिंह, डॉ. निखार देवांगन, डॉ. मितेश सिंह, डॉ. मेधा सिंह, शुभम परही, हरकीरत सिंह, गंगन चंद्राकर, सौम्या शिवम, मनीषा गुप्ता, श्रेया गुप्ता, दीपांशी, सुमित त्रिपाठी, अन्या राशिद, मौली अग्रवाल एवं सृष्टि यादव सहित शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय जगदलपुर के बड़ी संख्या में मेडिकल छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।



### मजबूती से आवाज बनेगी नई टीम

इस अवसर पर पूर्व अध्यक्ष, जेडीए जीएमसी जगदलपुर एवं प्रदेश उपाध्यक्ष, जूनियर डॉक्टर्स एसोसिएशन छत्तीसगढ़ डॉ. मनोज कुमार यादव ने नवनिर्वाचित टीम को कहा कि संगठन की सबसे बड़ी शक्ति उसकी एकजुटता, पारदर्शिता एवं छात्र हित के प्रति समर्पण है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि नई कार्यकारिणी संगठन की गरिमा को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाएगी तथा प्रत्येक जूनियर डॉक्टर एवं मेडिकल छात्र के हितों की मजबूती से आवाज बनेगी।

### हितों की रक्षा में हो सक्रिय

मुख्य सलाहकार डॉ. प्रशांत अनीप्पु ने नवगठित टीम को कहा कि संगठन का उद्देश्य सदैव विद्यार्थियों एवं जूनियर डॉक्टरों के हितों की रक्षा करना तथा उनकी समस्याओं के समाधान के लिए सक्रिय रहना होना चाहिए।

# पांच गांवों में मनाया गया जल अर्पण दिवस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

बस्तर जिले के विकासखंड बकावंड अंतर्गत ग्राम जैतगिरी, सरगीपाल, गिरोला, डुरकाबेड़ा और बदलावंड में विगत दिवस जल अर्पण दिवस उत्साहपूर्वक मनाया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने भाग लेकर जल संरक्षण एवं पानी बचाओ अभियान को सफल बनाने के लिए सक्रिय सहभागिता निभाने का संकल्प लिया।

- ग्रामीणों ने लिया जल संरक्षण का संकल्प

कार्यक्रम के दौरान ग्रामीणों ने वर्षा जल संरक्षण को बढ़ावा देने के लिए डबरी एवं तालाब निर्माण करने तथा जल संसाधनों के संरक्षण के लिए कई महत्वपूर्ण निर्णय लिया। इनमें पेयजल स्त्रोतों के आसपास सोख्ता गड्ढों का निर्माण, घरों में उपयोग किए गए पानी का साग-सब्जी की बाड़ी में पुनः उपयोग तथा स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाने जैसे कदम शामिल रहे।

इस अवसर पर महिला जल वाहिनी की सदस्य महिलाओं ने जल संरक्षण और पर्यावरण सुरक्षा के महत्व को रेखांकित करते हुए व्यापक जन जागरूकता अभियान चलाने पर जोर दिया। वहीं ग्रामीणों के साथ मिलकर जागरूकता रैली भी निकाली गई, जिसके माध्यम से पानी बचाने और प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण का संदेश दिया गया।

इस कार्यक्रम में उक्त सभी पांचों ग्रामों के सरपंच, पंचायत पदाधिकारी, महिला जल वाहिनी की सदस्य महिलाएं तथा बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे। सामुदायिक सहभागिता के साथ आयोजित यह पहल जल संरक्षण के प्रति ग्रामीणों की जागरूकता और जिम्मेदारी का सशक्त उदाहरण के रूप में परिलक्षित हुई।



### सकारात्मक प्रयास से सुधरेगा जल स्तर

इस मौके पर जल जीवन मिशन की आईईसी ज्योत्सना सूना ने ग्रामीणों को जल के महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने जल स्त्रोतों के आसपास स्वच्छता बनाए रखने, शुद्ध पेयजल के महत्व को समझने, जल संसाधनों की सुरक्षा करने, नियमित जल कर भुगतान करने, सोख्ता गड्ढों और किचन गार्डन की उपयोगिता तथा स्थानीय स्तर पर पौधरोपण कर उनकी देखरेख करने जैसे विषयों पर समझाइश दी। साथ ही ग्रामीणों को इन कार्यों में निरंतर सकारात्मक प्रयास करने के लिए प्रेरित किया।

## शहीद महेंद्र कर्मा यूनिवर्सिटी में प्रवेश शुरू, मेरिट सूची जारी

**जगदलपुर।** शहीद महेंद्र कर्मा विश्वविद्यालय धरमपुरा स्थित मुख्य कैंपस में शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए प्रवेश प्रक्रिया जारी है। प्रथम चरण में प्राप्त आवेदनों के आधार पर मेरिट सूची के अनुसार प्रवेश दिए जा रहे हैं। विश्वविद्यालय के यूनिवर्सिटी टीचिंग डिपार्टमेंट (यूटीडी) में चार वर्षीय स्नातक, दो वर्षीय स्नातकोत्तर तथा विभिन्न डिप्लोमा पाठ्यक्रम संचालित किए जा रहे हैं। इनमें बीए, बीएससी (साइंस एवं लाइफ साइंस), बीकॉम, बीबीए, बी.लिब., एमए, एमएससी, एमबीए, एमसीए, एमएससी रूरल टेक्नोलॉजी, एमकॉम, एम.लिब., एमएसडब्ल्यू, पीजीडीसीए एवं पीजीडीजेएमसी (मीडिया) प्रमुख हैं। कला एवं सामाजिक विज्ञान संकाय में समाजशास्त्र, राजनीति शास्त्र, इतिहास, भूगोल, मनोविज्ञान, अर्थशास्त्र, समाज कार्य, हिन्दी तथा अंग्रेजी साहित्य जैसे विषय उपलब्ध हैं। वहीं विज्ञान एवं लाइफ साइंस संकाय में भौतिकी, रसायन शास्त्र, गणित, सांख्यिकी, भूगर्भशास्त्र, प्राणीशास्त्र, वनस्पति विज्ञान, जैव प्रौद्योगिकी, सूक्ष्मजीव विज्ञान, वानिकी एवं वन्यजीव तथा मानव विज्ञान एवं जनजातीय अध्ययन जैसे रोजगारोन्मुखी विषयों में अध्ययन की सुविधा उपलब्ध है। इसी शैक्षणिक सत्र से एमबीए विभाग में बीबीए पाठ्यक्रम प्रारंभ किया गया है, जिसे विद्यार्थियों का अच्छा रिस्पॉंस मिल रहा है। विद्यार्थियों को स्वरोजगार, उद्यमिता, स्टार्टअप एवं नवाचार से जोड़ने के उद्देश्य से विश्वविद्यालय ने आईआईटी भिलाई, एनआईटी रायपुर सहित विभिन्न तकनीकी संस्थानों के साथ समझौता (एमओयू) किया है। स्टार्टअप एवं इनोवेशन गतिविधियों को प्रोत्साहित करने के लिए एसएमकेवि-आईएसएफ नाम से कंपनी का पंजीयन भी कराया गया है।

## मीणा ने कहा बस्तर में शातिं, सुरक्षा, विकास व जनविश्वास को और अधिक मजबूत करेंगे

# बीएन मीणा ने सुंदरराज पी से लिया बस्तर आईजी का पदभार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

बुधवार को बस्तर आईजी सुंदरराज पट्टलिंगम ने नवपदस्थ आईजी बद्रीनारायण मीणा को पदभार सौंप दिया। पदभार ग्रहण करने के बाद मीणा ने क्षेत्र में कानून व्यवस्था को मजबूत बनाने और पुलिस कार्यप्रणाली को और बेहतर करने की बात कहते हुए कहा कि बस्तर में शातिं, सुरक्षा, विकास व जनविश्वास को और अधिक सुदृढ़ बनाने उनका प्रयास रहेगा।

गौरतलब है कि सुन्दरराज पट्टलिंगम भारत सरकार में प्रतिनियुक्ति पर राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) में पुलिस महानिरीक्षक के रूप में अपनी नई जिम्मेदारी संभालेंगे। इस अवसर पर आईजी ने मिशन 2026 के प्रभावी क्रियान्वयन में सभी संबंधित पक्षों द्वारा प्रदान किए गए अटूट सहयोग एवं समर्थन के लिए हृदय से आभार व्यक्त किया। वहीं आईजी बद्रीनारायण मीणा ने बस्तर में स्थायी शांति, सुरक्षा एवं समावेशी विकास के लिए सामूहिक प्रयासों को आगे बढ़ाने की अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। बद्रीनारायण मीणा ने औपचारिक रूप से बस्तर रेंज के पुलिस महानिरीक्षक का पदभार ग्रहण किया। बुधवार को बस्तर रेंज जगदलपुर के कार्यालय में आयोजित पदभार ग्रहण समारोह में एसपी शलभ सिन्हा सहित बस्तर रेंज के वरिष्ठ पुलिस अधिकारी उपस्थित रहे।



इस अवसर सुन्दरराज पट्टलिंगम ने श्री मीणा का स्वागत करते हुए उन्हें बस्तर में सफल, सुरक्षित एवं अविस्मरणीय कार्यकाल के लिए शुभकामनाएं दीं। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि बस्तर पुलिस के अधिकारी एवं कर्मचारी नए पुलिस महानिरीक्षक को भी वही समर्पण, सहयोग एवं टीम भावना प्रदान करेंगे, जिसका अनुभव उन्हें अपने पूरे कार्यकाल के दौरान निरंतर प्राप्त हुआ।

सुन्दरराज पट्टलिंगम ने शासन पुलिस मुख्यालय, बस्तर की जनता, बस्तर पुलिस के अधिकारियों एवं कर्मचारियों, सभी सुरक्षा बलों, नागरिक प्रशासन, जनप्रतिनिधियों, मीडिया जगत तथा सभी हितधारकों के प्रति इस संपूर्ण यात्रा के दौरान उनके अटूट विश्वास, सहयोग एवं समर्थन के लिए हार्दिक कृतज्ञता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि पिछले वर्षों की प्रत्येक उपलब्धि सभी संबंधित पक्षों के सामूहिक साहस, समर्पण एवं समन्वित प्रयासों का परिणाम है। उन्होंने वामपंथी उग्रवाद के विरुद्ध संघर्ष के दौरान अपने सर्वोच्च बलिदान देने वाले पुलिस एवं सुरक्षा बलों के जवानों के साथ-साथ बस्तर के स्थानीय नागरिकों, जनप्रतिनिधियों तथा मीडिया कर्मियों को श्रद्धापूर्वक स्मरण करते हुए उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

### जनविश्वास को और अधिक सुदृढ़ बनाने होगा प्रयास

निवर्तमान आईजी ने मिशन 2026 के प्रति सभी हितधारकों द्वारा दिए गए पूर्ण सहयोग की भी सराहना की। उन्होंने कहा कि मिशन 2026 भारत सरकार एवं छत्तीसगढ़ शासन की परिकल्पना है, जिसे पुलिस मुख्यालय के मार्गदर्शन में बस्तर में स्थायी शांति, सुरक्षा एवं विकास स्थापित करने के उद्देश्य से आगे बढ़ाया जा रहा है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि आईजी बद्रीनारायण मीणा के नेतृत्व में यह साझा अभियान और अधिक गति प्राप्त करेगा तथा बस्तर को स्थायी शांति, समावेशी विकास एवं समृद्धि के साझा लक्ष्य के और अधिक निकट ले जाएगा। इस अवसर पर आईजी बद्रीनारायण मीणा ने पिछले वर्षों की उपलब्धियों को आगे बढ़ाते हुए सभी हितधारकों के साथ निकट समन्वय में कार्य करने तथा बस्तर में शांति, सुरक्षा, विकास एवं जनविश्वास को और अधिक सुदृढ़ बनाने के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की।

